
JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक



आज का मौसम
अधिकतम : 26
न्यूनतम : 13
हवा में नमी : 53

वर्ष : 66 ● अंक: 91 ● श्रीगंगानगर, शनिवार, 22.02.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

## सीएम भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी

» दौसा जेल से कंट्रोल रूम को दो कॉल किए » एसपी सहित आला अधिकारी पहुंचे जेल



जनमार्ग न्यूज

**दौसा।** सीएम भजनलाल शर्मा को एक बार फिर दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली है। सात महीने में ये दूसरी बार है, जब दौसा जेल से सीएम को धमकी भरा कॉल गया है। मामला देर रात करीब 12 बजकर 45 मिनट का है। आरोपी ने श्यालवास स्थित सेंट्रल जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर कहा- आज रात 12 बजे से पहले मार दूंगा। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद एएसपी गुरु शरण राव और नांगर डीएसपी चारुल गुप्ता मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि पॉक्सो के आरोपी ने दो कॉल किए थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि पॉक्सो के मामले में बंद आरोपी ने 12 बजकर 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 55 मिनट के बीच 10 मिनट में दो कॉल किए। आरोपी ने जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया। कॉल कर कहा था कि सीएम को आज रात (शनिवार) 12 बजे से पहले जान से मार दूंगा। कंट्रोल रूम पर धमकी भरे कॉल के बाद पुलिस अधिकारी भी हरकत में आ गए। इसकी सूचना दौसा पुलिस को दी गई। एएसपी और डीएसपी के साथ पापदड़ा और नांगल थाने की पुलिस जेल में पहुंची और सर्च अभियान चलाया। बताया जा रहा है कि कुछ कैदियों के पास मोबाइल भी मिले हैं।

### ट्रम्प ने सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को हटाया



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प ने देश के सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को अचानक हटा दिया। इस अफसर का नाम चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर है, जो सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के चेयरमैन थे। जेसीएस अमेरिका के रक्षा विभाग के सबसे सीनियर मिलिट्री लीडर्स का ग्रुप है। यह ग्रुप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, होमलैंड सिक्योरिटी काउंसिल और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को सैन्य मामलों पर सलाह देता है। सी क्यू ब्राउन ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का सार्वजनिक तौर पर समर्थन किया था। यह आंदोलन अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद शुरू हुआ था। तब सी क्यू एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उस वक्त ट्रम्प राष्ट्रपति के पद पर थे। ट्रम्प के 2020 चुनाव में हुई हार के पीछे इस आंदोलन की बड़ी भूमिका मानी जाती है। ट्रम्प ने ब्राउन की जगह रिटायर्ड वायु सेना जनरल डैन केन को जेसीएस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी।

### महाकुंभ में 7 घंटे से जाम में फंसी गाड़ियां

जनमार्ग न्यूज



**प्रयागराज।** महाकुंभ का आज 41वां दिन है। मेला खत्म होने में 4 दिन और बचे हैं। आखिरी वीकेंड पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। मेला क्षेत्र के बाहरी हिस्सों में भीषण जाम लगा हैं। यमुना नदी पर बने ब्रिज की ओर जाने वाला रास्ता करीब 7 घंटे से जाम है। लखनऊ से आई एक महिला ने बताया- शहर के बाहर बस ने उतार दिया। इसके बाद शटल बस से मेले के लिए रवाना हुई। बस में खड़े होकर आना पड़ा। आधे घंटे की दूरी तय करने में 4 घंटे लगे। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट्स पर बाहर से आने वाली गाड़ियों को रोक दिया जा रहा है। शहर से बाहर बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क करनी पड़ रही। यहां से संगम की दूरी 10 से 12 किमी है। एंट्री पॉइंट्स पर रोके गए श्रद्धालुओं को कम से कम 10-12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि, उनकी सुविधा के लिए प्रशासन शटल बसें, ई-रिक्शा, ऑटो, ठेले को चलने दे रहा है। हजारों की संख्या में बाइक वाले भी सवारी ढो रहे हैं। लेकिन, ये सभी मनमाना किराया वसूल रहे हैं। संगम में स्नान करते समय लोग गहराई में न जा पाएं, इससे बचाने के लिए जेटी की बेरिकेडिंग की गई है।

## विधानसभा से निलंबित दो विधायकों की तबीयत बिगड़ी

● कांग्रेस विधायकों का सदन में धरना, रामधुनी की
● मंत्री की इंदिरा गांधी पर टिप्पणी का विरोध



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत छह कांग्रेस विधायकों को सस्पेंड करने के बाद गतिरोध बढ़ गया है। कांग्रेस विधायकों का सदन में धरना जारी है। कांग्रेस विधायक सदन में ही रात गुजारी। सदन में धरने के दौरान कांग्रेस विधायकों ने रामधुनी भी की। इधर, धरने पर बैठे निलंबित विधायक संजय कुमार जाटव और जाकिर हुसैन गैसावत की तबीयत बिगड़ गई। विधानसभा में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की टिप्पणी के विरोध में स्पीकर की डायस की तरफ बढ़ने वाले विधायकों पर शुक्रवार को कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार देर रात तक सरकार से वार्ता का दौर चला, लेकिन बात नहीं बनी थी। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने नेता प्रतिपक्ष के चेंबर में वरिष्ठ विधायकों से वार्ता की थी। पर सहमति नहीं बन पाई थी। दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को सभी जिलों में प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत मंत्री का पुतला जलाएंगे। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने वैल में आकर हंगामा किया था। अविनाश गहलोत ने सवाल के जवाब में कहा था कि 2023-24 में आपकी दादी इंदिरा गांधी के नाम पर योजना का नाम रखा था।

## कांग्रेस ने पर्ची सरकार का किया कड़ा विरोध, सीएम का पुतला फूंका

● अविनाश गहलोत को मंत्री पद से हटाने और कांग्रेस विधायकों का निलंबन रद्द करने की मांग

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस द्वारा आज जिला कलेक्ट्रेट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाकर विधानसभा में राज्य मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी पर की गई असंसदीय टिप्पणी के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों ने प्रदेश की पर्ची सरकार का जमकर और कड़ा विरोध किया।जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में इकट्ठा हुए कांग्रेसजन पैदल मार्च करते और विरोध जताते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने कहा कि यह कोई पहला अवसर नहीं है जब भाजपा ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में कोई अशोभनीय टिप्पणी नहीं की हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा में कांग्रेस की आवाज को इस तरह से दबाया नहीं जा सकता। इसका सड़क से लेकर विधानसभा तक हर तरह से विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक राजेंद्र भादू और श्रीमती सोना देवी बावरी,संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, जिला उपाध्यक्ष भीमराव डाबी, जिला महासचिव सुरेंद्र पारीक, पूर्व पार्षद कमल बिश्नोई, पूर्व परिषद नमिता सेठी, पंचायत समिति रायसिंहनगर की उप प्रधान एवं कांग्रेस की जिला सचिव संतोष बिश्नोई, महासचिव इंजीनियर लालचंद नायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### सहकारिता विभाग में होगी 498 पदों पर भर्ती

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड ने सहकारिता विभाग और उनकी एजेंसियों में विभिन्न पदों के लिए भर्ती निकाली थी, उसकी परीक्षा की तारीख आज घोषित की है। शेड्यूल के मुताबिक ये परीक्षाएं अलग-अलग चरण में मार्च और अप्रैल में आयोजित होगी। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया- इन भर्ती परीक्षाओं के जरिए राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफैड) में 49, राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (अपेक्स बैंक) और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि राजफैड में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, एनिमल न्यूट्रिशन ऑफिसर, प्रोग्रामर, असिस्टेंट मैनेजर (क्वालिटी कंट्रोल) एवं ऑपरेटर (कैटल फीड) के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 26 मार्च को होगी।

## राजस्थान भाजपा की कमान फिर मदन राठौड़ को सौंपी

❒ 25 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नाम की घोषणा

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। 7 महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी उनके नाम की घोषणा हुई। भाजपा प्रभारी मोहनदास अग्रवाल ने कहा- मुझसे 3 लोगों ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का ऐलान किया। प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन हुआ, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया में शामिल होंगे। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था। मदन राठौड़ की पहली बार प्रदेशाध्यक्ष पद पर 26 जुलाई 2024 को नियुक्ति हुई थी। ऐसे में उन्हें इस पद पर करीब 7 महीने का समय ही हुआ था।

### सरपंच पति के शव का हुआ पोस्टमार्टम

जनमार्ग न्यूज

**अबोहर।** अबोहर के गांव कलर खेड़ा में महिला सरपंच के पति शंकर लाल की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना के तीन दिन बाद शनिवार को सिविल अस्पताल में मृतक का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई। तीन डॉक्टरों की टीम ने आप नेताओं और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्य पूरा किया। पुलिस ने मामले में आरोपी की मां और पत्नी को हिरासत में लिया है। एसपी और अबोहर के हल्का इंचार्ज अरुण नारंग के अनुसार आरोपी के रिश्तेदारों के घरों पर छापेमारी चल रही है। उन्होंने मुख्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया है। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मेन हाईवे पर चल रहा धरना समाप्त कर दिया। मृतक शंकर लाल का अंतिम संस्कार उनके गांव में होगा।

### जालंधर में कर्नाटक पुलिस की रेड, संदिग्ध गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**जालंधर।** कर्नाटक में पिछले माह 16 जनवरी को बिंदर एरिया में 93 लाख रुपए से भरी कैश वैन लूटने के मामले में जालंधर में कर्नाटक पुलिस द्वारा रेड की गई है। कर्नाटक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कर्नाटक पुलिस अपने साथ ले गई है। सहायता के लिए जालंधर सिटी पुलिस की एक टीम भी गई थी। ये रेड थाना डिवीजन नंबर-1 के एरिया में पड़ते डीएवी कॉलेज की नहर के पास की गई थी। पहले एक घर के अंदर युवक से पूछताछ की और फिर पुलिस उक्त युवक को फ्लाइट से अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार बिहार के रहने वाले आलोक कुमार उर्फ आशुतोष और अमन कुमार ने एक साथ मिलकर बीते 16 जनवरी को कर्नाटक में एसबीआई बैंक की कैश वैन को घेर कर मिर्ची पाउडर आंख में झोंक दिया।

## अपात्र लाभार्थियों पर सख्ती, 28 के बाद शुरू होगा एक्शन

● गिव अप में 25 हजार लोगों ने छोड़ा 1.25 लाख किलो राशन

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गिव अप अभियान में अब तक 25 हजार से अधिक अपात्र लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपना नाम हटवा लिया है। इससे बीकानेर जिले में हर महीने करीब 1.25 लाख किलो गेहूं की बचत हो रही है। 28 फरवरी तक और भी अपात्र लाभार्थी अपना नाम सूची से हटा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि अपात्र लोगों पर सख्ती जारी है और 28 फरवरी के बाद योजना का लाभ लेने वाले अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रसद अधिकारी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को हटाने के लिए गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल के तहत अब तक 25 हजार लोगों ने अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटा लिया है, जिससे हर महीने 1.25 लाख किलो गेहूं की बचत हो रही है। इस गेहूं को अब जरूरतमंद और वंचित लोगों तक पहुंचाने की योजना है। वहीं जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध दुरुपयोग पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। रसद विभाग की टीमों ने इस सप्ताह तीन स्थानों पर छापेमारी कर 10 सिलेंडर, दो मोटर और कांटा जब्त किया। सभी मामलों में सक्षम न्यायालय में मुकदमा दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि ऐसे सभी लाभार्थी जो सक्षम होने के बावजूद योजना का लाभ उठा रहे हैं, उनके विरुद्ध नोटिस जारी किए जा रहे हैं। 28 फरवरी 2025 के बाद भी यदि अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेते पाए गए, तो उनसे राशि वसूली जाएगी और कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के तहत सरकारी कर्मचारियों की भी जांच की गई। जिले में 1,669 सरकारी कर्मियों की पहचान हुई, जिन्होंने सरकारी नौकरी के दौरान सरकारी राशन लिया। इनमें से 1,348 के नाम हटा दिए गए, जबकि 265 कर्मियों पर कार्रवाई चल रही है। अब तक इन सरकारी कर्मचारियों से 1.90 करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। खाद्य सुरक्षा योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए 27 फरवरी को जिला कार्यालय स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सरकार द्वारा मनोनीत 53 सदस्य हिस्सा लेंगे और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर देर रात धमाका



● आतंकी पासियां ने ली जिम्मेदारी

जनमार्ग न्यूज

**अमृतसर।** अमृतसर में बीएसएफ हेडक्वार्टर खासा कैंट के गेट नंबर 3 के बाहर शुक्रवार देर रात करीब 1.30 बजे जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद आसपास इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस व सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं सैन्य अधिकारी और पुलिस अधिकारी इस बात से पूरी तरह इनकार कर रहे हैं कि किसी भी तरह का कोई ब्लास्ट हुआ है। वहीं दूसरी तरफ विदेश में बैठे आतंकी हैप्पी पासियां की ओर से भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर इस धमाके की जिम्मेदारी ली गई है। इस पोस्ट में लिखा है कि गेट नंबर 3 के बाहर जो धमाका हुआ है, उसकी जिम्मेदारी हैप्पी पासियां और गोपी नवाब शहरियों की ओर से ली गई है। इस धमाके की वजह भारत सरकार की ओर से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना है।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083, 76657-85893 पर देवें। E-mail: dainikjanmarg@gmail.com

# सम्पादकीय

## बहुप्रचारित मुद्दा

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान एक महिला को मिली है, लेकिन भाजपा ने इस बार खासी सीटें जीतने के बाद और इस पद के लिए कई दावेदारियों और जद्दोजहद की खबरों के बीच जिस तरह रेखा गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है, यह अपने आप में एक अहम फैसला है। दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक स्पष्ट संदेश के साथ काम करना चाहती है। इस बात पर राजनीतिक गलियारों में जरूर सुगबुगाहट रही कि दिल्ली विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद पर चुने गए व्यक्ति की घोषणा करने में ग्यारह दिन क्यों लग गए। सतह पर इस पद के लिए खींचतान की चर्चा रही, मगर ऐसा लगता है कि रेखा गुप्ता की अब तक की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए उनके नाम पर सहमति बनाने में पार्टी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जो हो, अब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही रेखा गुप्ता के सामने जितनी बड़ी चुनौती इस जिम्मेदारी के निर्वहन की है, उसी के समांतर जनता की नजर उन वादों को पूरा किए जाने पर भी रहेगी, जो चुनावों के दौरान भाजपा की ओर से किए गए थे। गौरतलब है कि दिल्ली चुनावों के दौरान यमुना का पानी और उसकी सफाई एक बहुप्रचारित मुद्दा बनी थी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत यह है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने और उसकी सफाई के मसले पर दशकों से राजनीति होती रही है। अमूमन हर पार्टी ने सत्ता मिलने पर यमुना को स्वच्छ बनाने के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी यह नदी बेहद दयनीय हालत में है और जिसका पानी नहाने लायक भी नहीं है। यह देखने की जरूरत होगी कि दिल्ली की नई सरकार यमुना को एक स्वच्छ नदी के रूप में जीवन देने के लिए कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती है। इसके अलावा, पूर्व सरकार की ओर से जनता के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम, स्कूली शिक्षा, भ्रष्टाचार पर रोक, आबकारी नीति, दिल्ली में भयावह स्तर तक के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिन पर विपक्ष के रूप में कभी भाजपा सवाल उठाती थी और अब आम आदमी पार्टी अपनी मजबूत भूमिका में हमेशा तैयार दिखेगी।

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के



बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।

महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

# संपूर्ण समाज का कल्याण ही सनातन का सही अर्थ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44, बंगलुरु से रीवा और उसके भी आगे जाने वाला राजमार्ग। इस रास्ते पर, इन दिनों अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट लगाए हुए हजारों वाहन.. इन सबका महाकाय प्रवाह बना हुआ है। लगभग प्रत्येक वाहन पर भगवा ध्वज है। किसी के झंडे पर श्रीराम का चित्र बना है, तो किसी ने उस पर हनुमान जी को पसंद किया है। रास्ते में भगवे झंडे की अनेक छोटी-छोटी दुकानें हैं। जिनके वाहन पर यह नहीं है, वह गाड़ी रोककर खरीद रहे हैं। रास्ते के सभी ढाबे, होटल, पेट्रोल पंप, लोगों से भरे पड़े हैं। जहां भी थोड़ा पानी, पेड़ की छांव या मंदिर दिखा, दूर से आने वाली गाड़ियां वहीं पर रुक जाती हैं। हजार से ज्यादा किलोमीटर का यह महामार्ग, इन दिनों उत्सवी वातावरण में है। दिन-रात प्रवास करने वाले लोगों में गजब का उत्साह है। इतने लंबे, थका देने वाले प्रवास के बावजूद उन सबके चेहरे पर आनंद है। जाने वालों के चेहरे पर उत्सुकता छलक रही है, तो वापस आने वाले लोगों के चेहरे पर कृतार्थता..! इन प्रवासियों में सभी भाषाओं के, सभी आयु वर्ग के, सभी आर्थिक स्तर के लोग शामिल हैं। इनमें कोई भेदभाव नहीं है। ट्रक में भरकर जा रहे कर्नाटक के भाविकों से वैसा ही व्यवहार हो रहा है, जैसा इनोवा में चल रहे तेलंगाना के प्रतिष्ठित परिवार से। इस समय यह सारे लोग सनातन की अक्षुण्ण यात्रा के सहप्रवासी हैं। यह सभी, प्रयाग कुंभ के यात्री हैं। रास्ते में अनेक स्थानों पर लोगों ने निःशुल्क रहने की व्यवस्था की है। अनेक स्थानों पर भंडारे चल रहे हैं। स्थान-स्थान पर कुंभ यात्रियों के स्वागत के बैनर लगे हुए हैं। सिवनी से आगे प्रयाग तक, सरकार ने इस महामार्ग के सभी टोल खोल दिए हैं। अब यह पूरा रास्ता निःशुल्क है। हालांकि रास्ता सुगम नहीं है। हजारों-लाखों प्रवासियों के कारण रास्ते पर जाम लगना या रास्ते को कुछ समय के लिए विवशतावश बंद करना, यह आम बात है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र से आने वाले सभी भाविकों को इसका पूरा अंदाज है। यह यात्रा कष्टप्रद है, 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है, इन सबकी उन्हें जानकारी है। किंतु फिर भी वह सारे आनंदित हैं। प्रमुदित हैं..! यह अद्भुत है। किसी भी परिपेक्ष में, किसी भी मानक पर, किसी भी कसौटी पर यह शब्दशः अभूतपूर्व है..! देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत इससे पहले कभी नहीं देखी थी। पिछले कुंभ में भी नहीं। 56 करोड़ से ज्यादा सनातनी, गंगा जी में डुबकी लगा चुके हैं। अर्थात, कुंभ मेला समाप्त होने में अभी कुछ दिन बाकी है, किंतु आधे से ज्यादा देश कुंभ हो आया है। यूरोप में सबसे ज्यादा जनसंख्या का देश है - जर्मनी। जर्मनी में 8.45 करोड़ लोग रहते हैं। मजेदार बात यह कि पूरे जर्मनी की लोकसंख्या से भी ज्यादा सनातनी श्रद्धालुओं ने मात्र एक दिन में प्रयाग महाकुंभ में, गंगा जी में स्नान किया है। विश्व अचरज भरी नजरों से भारत को देख रहा है। सनातन की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को देखकर वे भौचक हैं। वे अब भारत को और अच्छे से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस कुंभ ने भारत के अर्थतंत्र को जबरदस्त गति दी है। कुंभ की आलोचना करने वालों की समझ में शायद यह बात नहीं आई है। कुंभ का प्रभाव मात्र प्रयागराज, या काशी या अयोध्या तक ही सीमित नहीं है, प्रयाग को जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर लाखों लोगों के जीवन में, यह कुंभ आत्मविश्वास का प्रकाश लाया है। टूरिस्ट एजेंसी वाले, टैक्सी,बस, ट्रक वाले, ड्राइवर, पेट्रोल पंप, ढाबे वाले, छोटी-छोटी वस्तुएं बेचने वाले, होटल चलाने वाले, सब्जी -फल की बिक्री करने वाले, झंडा बेचने वाले, टायर का काम करने वाले.. सभी आनंद में हैं। प्रत्येक दुकानदार ने बड़े ही गर्व के साथ अपने प्रतिष्ठान पर भगवा झंडा लहराया है। इस पूरी ताकत को हिंदुत्व की (या सनातन की) शक्ति समझना गलत होगा। यह सारे भाविक हैं। श्रद्धालु हैं। आस्थावान हैं। किंतु इनमें से अनेक को अभी भी हिंदुत्व या सनातन का अर्थ ठीक से समझा नहीं है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम व्यक्तिगत आस्था/श्रद्धा/कर्मकांड को ही सनातन समझ बैठते हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हर्षित उत्तर प्रदेश, हिंदुत्व के विरोधियों को चुनकर देता है। बांग्लादेश के हिंदु नरसंहार पर हिंदु खामोश रहता है। सनातन को दी हुई गालियों को चुपचाप सहन कर लेता है। सनातन का, हिंदुत्व का सही अर्थ है, संपूर्ण समाज का, राष्ट्र का, समष्टि का कल्याण। इस कल्याण के लिए जो आवश्यक है, वह सब करना, यही सनातन है। इस लोक कल्याण को नष्ट और भ्रष्ट करने वाली ताकत का सामना करना, उसे पराजित करना, यही है सनातन। इस महाकुंभ के माध्यम से जागृत हुई यह चेतना, राष्ट्र हित में निश्चित प्रवाहित होगी..!

## जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंत नहीं है।

# कहीं आप मिक्स पर्सनैलिटी डिसऑर्डर का शिकार तो नहीं

**हम** सभी का व्यक्तित्व अलग-अलग होता है। यह हमारे सोचने के तरीके, इमोशंस और व्यवहार से तय होता है। इसी व्यक्तित्व से हमें समाज में पहचान मिलती है। कभी-कभी हम अपने आस-पास के लोगों में या खुद में कुछ ऐसे बदलाव देखते हैं, जो सामान्य नहीं लगते। ये बदलाव अगर लंबे समय तक बने रहें, तो ये पर्सनैलिटी डिसऑर्डर का संकेत हो सकते हैं। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर एक तरह की मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम है। इससे रिश्ते निभाने में मुश्किल होने लगती है। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर एक मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम है। इसमें व्यक्ति के सोचने, इमोशंस को समझने और दूसरों के साथ व्यवहार करने का तरीका बदल जाता है। यह समस्या दिमाग के काम करने के तरीके में गड़बड़ी के कारण होती है। इससे पीड़ति व्यक्ति को लोगों से मिलने-जुलने में परेशानी होती है। इसका इलाज थेरेपी के जरिए किया जा सकता है। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के लक्षण व्यक्ति की मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर निर्भर करते हैं। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। भावनात्मक अस्थिरता इससे पीड़ित व्यक्ति अपने इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाता है। साथ ही उसे अपने इमोशंस को समझने और जाहिर करने में मुश्किल हो सकती है। सामाजिक कठिनाइयां व्यक्ति को दोस्ती करने, नए रिश्ते बनाने में समस्या होती है। वह अक्सर अकेलापन महसूस करता है। सेल्फ-रिस्पेक्ट की कमी व्यक्ति में सेल्फ-रिस्पेक्ट और सेल्फ-कॉन्फिडेंस की कमी होती है। हमेशा खुद को दूसरों से कम आंकता है। ज्यादा संवेदनशीलता पीड़ित व्यक्ति को किसी भी प्रकार का नकारात्मक व्यवहार अधिक प्रभावित करता है। व्यवहार में कठोरता व्यक्ति के व्यवहार में कठोरता होती है और वह किसी एक ही तरीके से कार्य करता है। पैरानॉयड पर्सनैलिटी डिसऑर्डर- इससे पीड़ति व्यक्ति दूसरों पर विश्वास नहीं करते हैं। इन्हें हमेशा धोखा खाने का डर लगा रहता है। ऐसे लोगों में नए दोस्त या रिश्ते बनाने की इच्छा नहीं होती है। ये अधिकतर अकेले ही रहते हैं। ऐसे लोग समाज से अलग रहते हैं और भविष्य जानने जैसा अजीबोगरीब दावा करते हैं। इसमें व्यक्ति दूसरों की भावनाओं की अनदेखी करते हैं। उन्हें किसी अपराधबोध का एहसास भी नहीं होता है। इसमें व्यक्ति इमोशनली अस्थिर होते हैं।



उनका व्यवहार जल्दी-जल्दी बदलता है। वह आत्महत्या का प्रयास भी कर सकते हैं। इसमें व्यक्ति अटेंशन पाने के लिए नाटकीय तरीके से व्यवहार करते हैं। हमेशा सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनने की कोशिश करते हैं। नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर- इसमें व्यक्ति में खुद को दूसरों से ज्यादा महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ मानने की भावना होती है। अवॉयडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर- ऐसे लोग दूसरों के साथ घुलने-मिलने में हिचकिचाते हैं। उन्हें हमेशा डर लगा रहता है कि दूसरे उनकी आलोचना करेंगे। ऐसे लोग खुद को नाकाबिल समझते हैं। डिपेंडेंट पर्सनैलिटी डिसऑर्डर- ऐसी स्थिति में व्यक्ति दूसरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर होते हैं। वह खुद से निर्णय लेने में सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे व्यक्ति नियमों और शेड्यूल पर जरूरत से ज्यादा ध्यान देते हैं। हर काम को परफेक्शन के साथ करने के चक्कर में देर कर बैठते हैं। साथ ही काम के चक्कर में रिश्तों की उपेक्षा भी कर सकते हैं। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मुख्य कारणों में आनुवांशिक वजहें हो सकती हैं। साथ ही बचपन के अनुभव शामिल हो सकते हैं। परिवार में किसी को मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम रही है, तो इस समस्या के होने का खतरा बढ़ सकता है। पर्सनैलिटी डिसऑर्डर का इलाज हर व्यक्ति की जरूरतों के हिसाब से किया जाता है। डॉक्टर व्यक्ति की स्थिति और लक्षणों को ध्यान में रखकर इलाज करते हैं।

# सादुलशहर विकास में प्रदेश में प्रथम होगा: मट्टू

**सादुलशहर (जनमार्ग न्यूज)।** प्रदेश की वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा मंगलवार को प्रस्तुत किए गए बजट में सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के प्रयासों से मिली अनेक सौगातों पर एक ओर जहां पूरे सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में खुशी का इजहार किया जा रहा है, वहीं कालियां निवासी श्रीगंगानगर पंचायत समिति डायरेक्टर रणजीत मट्टू ने खुशी जताते हुए बताया कि विधायक गुरवीर सिंह बराड के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार के दूसरे बजट में सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र को सैनिक स्कूल जैसी अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जिसके लिए डायरेक्टर रणजीत मट्टू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी सहित सादुलशहर विधायक गुरवीर बराड़ सहित शीर्ष नेताओं का तहेदिल से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि कि विधायक बराड़ की दिली इच्छा है कि सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र शिक्षा का हब बने। इस कड़ी में विधायक बराड़ के प्रयास सफल हुए और राजस्थान में एक मात्र मिर्जेवाला में सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा हुई, जिससे न केवल पूरे क्षेत्र के युवा वर्ग को फायदा मिलेगा, बल्कि मिर्जेवाला का नाम पूरे राजस्थान ही नहीं देश के नक्शे पर होगा। मट्टू ने कहा कि सिंचाई तंत्र को मजबूत करने के लिए विधायक गुरवीर बराड ने सात सौ करोड़ जैसी बड़ी राशि स्वीकृत करवाकर किसानों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के हर वर्ग के लोगों को राहत दिलाने का प्रयास किया है। रणजीत मट्टू ने वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा पेश किए गए दूसरे बजट को ऐतिहासिक बजट करार दिया है।



## भटनेर दुर्ग में आशुतोष यादव का किया सम्मान

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** भटनेर पर्यावरण विरासत संरक्षण एवं गौ सेवा समिति टाउन ने भटनेर दुर्ग की उद्यान शाखा के प्रभारी आशुतोष कुमार यादव का पदोन्नति होने के पश्चात भटनेर दुर्ग में पधारने पर समिति सदस्यों द्वारा उनका शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया व कामना की गई की वह अपनी नई पारी में भी पूरी ईमानदारी व लगन से कार्य करते हुए नए सोपान स्थापित करेंगे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम दादरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित, विद्युत विभाग के एस सी अरुण शर्मा, ठेकेदार प्रदीप धींगडा, बजरंग सिंह शेखावत एडवोकेट, सीए विपुल सिंह, जयप्रकाश, विष्णु शर्मा आदि उपस्थित थे।



# एक वोट का खेला कर 1999 में कैसे गिराई थी वाजपेई की सरकार

## शरद पवार ने 26 साल बाद खोला सियासी राज

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** नई दिल्ली में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि 1999 में जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार लोकसभा में सिर्फ एक वोट से अविश्वास प्रस्ताव हार गई थी, तो वह वोट पवार साहब की ही मेहनत का नतीजा था। शरद पवार ने बताया कि 8-10 मिनट की बातचीत के बाद उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन (एनडीए) का एक वोट विपक्ष के पक्ष में करवा लिया था। यह खुलासा उन्होंने दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में नीलेशकुमार कुलकर्णी की किताब संसद भवन ते सेंट्रल विस्टा के विमोचन के मौके पर किया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आयोजित किया गया था।



इसमें शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत भी मौजूद थे।

**शरद पवार ने बताया कैसे गिराई थी वाजपेई सरकार:** पुराने संसद भवन की यादों को ताजा करते हुए, शरद पवार ने 1999 का वाकया सुनाया। उस समय वाजपेयी सरकार के दौरान वह विपक्ष के नेता थे। पवार ने कहा, बहुत कम लोगों को याद होगा कि 1999 में मैं विपक्ष का नेता था। हम वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। संसद में इस पर खूब बहस हुई। अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले, हमारे पास आठ से दस मिनट का समय था, जब मैं चर्चा के लिए सदन से बाहर निकला। उसके बाद, जब वोटिंग हुई, तो सरकार की तरफ से एक सदस्य ने विपक्ष के पक्ष में वोट दिया। वाजपेयी सरकार सिर्फ एक वोट से गिर गई। विपक्ष के पक्ष में वो एक वोट मैंने ही दिलवाया था, लेकिन मैं यह नहीं बताऊंगा कि मैंने यह कैसे किया। उनके इस बयान ने सबका ध्यान खींचा। सेंट्रल विस्टा के बारे में बात करते हुए, पवार ने कहा कि नए संसद भवन के लिए अभी तक लगाव नहीं हुआ है। मुझे अभी भी पुराने संसद भवन से लगाव है, जिसने देश के दिग्गज नेताओं को देखा है। उन्होंने नए और पुराने संसद भवन के प्रति अपनी भावनाओं को साझा किया।

# मम्मी-पापा को जहर खाता देख मैंने भी खा लिया: आरएएफ जवान की बेटी बोली

## एक फोन आया और पापा ने कहा सब खत्म हो गया

**मेरठ (जनमार्ग न्यूज)।** 'पापा के पास एक कॉल आई, उन्होंने फोन काटते ही कहा कि सब कुछ खत्म हो गया। अब हम लोग जेल जाएंगे। फिर पापा ने शीशी निकाली। मम्मी-पापा ने जहर खा लिया। मैंने कहा कि आप लोग मुझे छोड़कर जा रहे हो, मैं जी कर क्या करुंगी। मैंने भी शीशी में बचा जहर खा लिया। फिर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर रोने लगे। 10 से 15 मिनट बाद हम लोग बेहोश हो गए। इसके बाद अस्पताल में मेरी आंख खुली। कहना है मेरठ में पत्नी संग सुसाइड करने वाले आरएएफ जवान की बेटी नव्या का। बच्ची ने बातचीत में कहा- 2 महिला अफसर पापा को टॉर्चर कर रही थीं। इससे परेशान होकर मेरे परिवार ने यह कदम उठाया।



नव्या, बेटी

**16 फरवरी को परिवार सहित खाया था जहर:** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गणपति इनक्लेव निवासी आरएएफ जवान केशपाल ने 16 फरवरी को पत्नी प्रियंका और बेटी नव्या के साथ जहर खा लिया था। मोहल्ले वाले सभी को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। जहां केशपाल की मौत हो गई, जबकि 17 फरवरी को पत्नी प्रियंका ने भी दम तोड़ दिया। बेटी नव्या बच गई थी। उसने महिला अफसर पर पापा को टॉर्चर करने का आरोप लगाया है।

**हम तीनों ने साथ जहर खाया:** नव्या ने कहा- मेरे पापा की बटालियन में 2 लेडीज थीं। उन दोनों ने मेरे पापा को काफी टॉर्चर किया था। खाने में डोज डलवाते थे। पापा को ये सब करने के लिए उन्होंने मजबूर किया। रात को पापा ड्यूटी से घर आए थे। फिर सुबह उन दोनों की कॉल आई थी पापा के पास। इसके बाद पापा काफी परेशान हो गए थे। उन्होंने बोला कि हम सब जेल में जाएंगे। अब सब कुछ खत्म हो गया और फिर हम सबके साथ जहर खा लिया। पापा ने मुझसे कुछ नहीं कहा था, मैंने अपनी मर्जी से जहर खाया था। मैंने कहा कि जब आप दोनों मुझे छोड़कर जा ही रहे हो तो मैं जीकर क्या करूंगी, मैं भी जहर खा लेती हूं। पापा तभी जहर लेकर आए । हम तीनों ने साथ ही जहर खाया था।

# राजस्थान सहकारी बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं की तिथि की घोषित

❑ मार्च एवं अप्रेल माह में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होंगी परीक्षाएं ❑ राजफैड, अपेक्स बैंक एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में भरे जाएंगे 498 पद

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान सहकारी भर्ती बोर्ड ने विभिन्न पदों के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं की तिथि घोषित की है। ये भर्ती परीक्षाएं मार्च एवं अप्रेल माह में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएंगी।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने बताया कि इन भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफैड) में 49 तथा राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (अपेक्स बैंक) एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 449 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि राजफैड में जूनियर असिस्टेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, एनिमल न्यूट्रिशन ऑफिसर, प्रोग्रामर, असिस्टेंट मैनेजर (क्वालिटी कंट्रोल) एवं ऑपरेटर (कैटल फीड) के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 26 मार्च, 2025 को किया जाएगा। जबकि, जूनियर अकाउंटेंट, असिस्टेंट मैनेजर (जनरल), इन्फोर्मेटिक असिस्टेंट एवं फिटर के पदों हेतु परीक्षा 27 मार्च, 2025 को आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार, अपेक्स बैंक एवं विभिन्न जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में बैंकिंग असिस्टेंट पद के लिए भर्ती परीक्षा 1 अप्रेल, मैनेजर पद के लिए 5 अप्रेल एवं सीनियर मैनेजर व कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के लिए 13 अप्रेल, 2025 को आयोजित की जाएगी। श्रीमती राजपाल ने परीक्षाओं का समुचित रूप से आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षाओं की तिथि सम्बन्धी सूचना बोर्ड की वेबसाइट https://rajcrb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य सूचना एवं अपडेट्स के लिए अभ्यर्थियों को निरन्तर बोर्ड की वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

## गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब में कल शाम सजाया जाएगा विशेष कीर्तन दरबार



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** विनोबा बस्ती स्थित गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब में साका ननकाना साहिब व जैतो के मोर्चे में शहीदों की याद में 22 फरवरी, शनिवार सांय 7 से 9.30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा जिसमें रागी जत्था भाई निरपाल सिंह अबोहर वाले सहित हुजूरी रागी जत्था भाई गुरविंदर सिंह कीर्तन द्वारा संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे। समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

# लायंस प्रांत की कार्यकारिणी सभा 'सर्वोदय' अलवर में कल होगी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई-1) कार्यकारिणी की द्वितीय सभा सर्वोदय 2025 लायंस ऑफ अलवर, लायंस क्लब अलवर मत्स्य, लायंस क्लब अलवर सिटी व लायंस क्लब अलवर की मेजबानी में 23 फरवरी को अलवर में होगी। जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में राजस्थान व मध्यप्रदेश के अधिकांश क्लबों के सदस्य भाग लेंगे। सभा के संयोजक पूर्व प्रांतपाल लॉयन मानकचंद जैन, एमजेएफ सुभाष जोशी (इंजीनियर) व एमजेएफ शशि गोयल होंगे। प्रांतीय सचिव एमजीएफ केसी शर्मा के अनुसार इसमें क्लब अध्यक्ष सचिवों को पोर्टल पर गतिविधियों को अपलोड करने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले क्लबों एवं पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जायेगा।सभा में उपस्थित लॉयन सदस्यों के बीच लक्की ड्रा से अनेक पुरस्कार वितरित जायेंगे।सभा में सहभागिता हेतु किसी भी प्रकार का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया गया हैं। सभा की शानदार व्यवस्था के लिए क्लब अध्यक्ष एमजेएफ डॉ. मंजू अग्रवाल, डॉ. हरीश गुप्ता, रवींद्र गर्ग सहित अलवर क्षेत्र के सभी लायंस क्लब तैयारी में जुटे हैं।



# राउमा विद्यालय हुआ साइकिल वितरण



जनमार्ग न्यूज

**संगरिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक दीनगढ़ में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण साइकिल योजना के तहत आज नौवीं कक्षा की बच्चियों को साइकिल वितरण किया गया। प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद ने इस अवसर पर राज्य सरकार की अन्य योजनाएं जैसे छात्रवृत्ति, ट्रांसपोर्ट वाउचर, स्कूटी योजना, लैपटॉप योजना आदि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर सभी बालिकाओं ने साइकिल मिलने पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर सरपंच सीताराम जाखड़, निर्मल सिंह, मनोहर लाल आदि ग्रामवासियों के अतिरिक्त व्याख्याता पहलवान सिंह, रामदत्त सिंह, नीलम देवी, वरिष्ठ अध्यापक चंद्रशेखर, संजीव जिंदल, मातुराम, प्रनीत कुमारी, जयराम कड़वासरा इत्यादि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# कनिष्ठ लेखाकारों ने सौंपा ज्ञापन

## कैडर के मूल पदों पर ही हो पदस्थापन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कनिष्ठ लेखाकारों के मूल पदों पर पदस्थापन की मांग को लेकर शुक्रवार को नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों ने निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव, निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर के नाम कोषाधिकारी मनोज कुमार मोदी को ज्ञापन सौंपा। कनिष्ठ लेखाकारों ने कहा कि निदेशालय स्तर से जानकारी में आया कि नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को प्रथम पदस्थापन में कनिष्ठ लेखाकार एवं सहायक लेखाधिकारी द्वितीय के रिक्त पदों पर पदस्थापन के आदेश जारी किए जाने संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों में अभी लेखा संबंधी कार्य करने के अनुभव की कमी है। इस संबंध में विभाग द्वारा दिया जाने वाला संस्थानिक प्रशिक्षण भी नहीं कराया गया। ऐसे में नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को मूल पद कनिष्ठ लेखाकार के पद पर ही नियुक्ति दी जाए। वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय जो कि पदोन्नति उपरान्त भी कनिष्ठ लेखाकारों के पद विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, उन्हे उनके मूल पद सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय पर पदस्थापित किया जाए, ताकि नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर ही नियुक्ति मिल सके तथा वे उस कार्यालय में पदस्थापित वरिष्ठ लेखाकर्मी के मार्गदर्शन में कार्य कर सकें। इस अवसर पर मनीषा, पूजा, साक्षी, अनसुईया, रोहित, शंकर नाथ कुक्कड़, कुलदीप, सुखदीप, सुनील, ईशान, सुरेश अनिशा, सन्तोष, संध्या अग्रवाल, प्रवीण, कंचन, पूनम रानी, नरेश शर्मा, नेहा, पिंकी वर्मा, रविन्द्र कौर, आकाशदीप आदि नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकार उपस्थित थे।



# नसबंदी फीवर में आठ महिलाओं के हुए ऑपरेशन



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय सीएचसी के केंद्र में शुक्रवार को नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में आठ महिलाओं की नसबंदी की गई जब कि दो महिलाओं को नसबंदी के लिए रिजैक्ट किया गया नसबंदी ऑपरेशन उपचार के बाद आवश्यक दवाइयां दी गई नसबंदी ऑपरेशन डॉक्टर अमित बिश्नोई,डा रेखा मित्तल, डॉ हर्ष वर्धन रणवा, सुरेंद्र गोदारा सर्जन असिस्टेंट सतीश कुमार, एएनएम अलिमा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी आदि मौजूद रहे इस कैंप के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है ऑपरेशन करने वाली महिलाओं के खाते में दो हजार रुपए सरकार द्वारा खाता में जमा करवाए जाते हैं।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने जमीनों की कुर्की और बीमा कंपनियों की मनमानी के खिलाफ भरी हुंकार

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस किसान भवन, हनुमानगढ़ में आयोजित हुई, जिसमें जिले में हो रही जमीनों और घरों की कुर्की के मामलों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। सभा के जिलाध्यक्ष कामरेड मंगेज चौधरी ने कहा कि जिले में प्रशासन और बीमा कंपनियों की मनमानी से आमजन त्रस्त है और किसान सभा इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कामरेड चौधरी ने आरोप लगाया कि बीमा और फाइनेंस कंपनियों के गुंडे लोगों के घरों में जबरन घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसी कंपनियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और फाइनेंस कंपनियों को बिना अनुमति घरों में घुसने से रोका जाए। उन्होंने कहा कि जो फाइनेंस कंपनियां 90 पैसे से अधिक ब्याज वसूल रही हैं, उन्हें तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, लोन की शर्तें हिंदी में लिखी जानी चाहिए ताकि आमजन को सही जानकारी मिल सके। एनपीए खातों को रिफाइनेंस कर सस्ती किस्तों में परिवर्तित किया जाए और कोरोना काल की किस्तों पर लगी पेनल्टी को भी हटाया जाए। किसान सभा ने फाइल चार्ज पर भी रोक लगाने की मांग की है, जो लोन लेते समय किसानों से वसूला जाता है। साथ ही, बीमा कंपनियों द्वारा क्रॉप कटिंग का सेटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण कराने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। सभा का कहना है कि क्रॉप कटिंग का काम रैंडम तरीके से किया जाना चाहिए ताकि किसानों को उनकी फसलों का सही मुआवजा मिल सके। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कामरेड मंगेज चौधरी ने कहा कि किसान सभा आमजन के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलेभर से किसान और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के सदस्यों ने एक सुर में किसानों के हक की आवाज बुलंद की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।किसान नेता गोपाल बिश्नोई चरणप्रीत सिंह रघुवीर वर्मा जगजीत सिंह जग्गी वेद मक्कासर सुलतान खान आदि उपस्थित थे।



# उमंग लिटिल स्टार डांस प्रतियोगिता सीजन 6 के आयोजन की तैयारियां पूरी



**खाजूवाला (जनमार्ग न्यूज)।** उत्थान फाउंडेशन संस्थान द्वारा खाजूवाला नगरपालिका भवन परिसर में उमंग लिटिल स्टार डांस प्रतियोगिता सीजन 6 का आयोजन 22 फरवरी को होगा संस्थान के प्रदीप भाम्भू ने बताया कि उत्थान फाउंडेशन के फाउंडर बिजनेसमैन गोविंद भादू के निर्देशन और मार्गदर्शन द्वारा लगातार 6 वर्षों से इस प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। समय समय पर उत्थान द्वारा बच्चों के कार्यक्रम करवाए जाते है। जिसमें छोटे छोटे बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार मंच दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह और जोश देखा जा रहा है। कार्यक्रम में 10 वर्ष से 16 वर्ष तक के 15 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे कार्यक्रम में भाग लेने वाले और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ढेरों गिफ्ट और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों और बच्चों से प्रत्येक डांस के बाद सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जाएंगे प्रश्नों का सही जवाब देने वालो को गिफ्ट दिए जाएंगे बच्चों के लिए भामाशाह प्रिंस मोबाइल और लाईब्रेरी के मालिक धर्म पुनियां द्वारा स्पेशल उपहार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया जाएगा अन्य समाजसेवी बजरंग लाल सेन, बलराज गेरा, मंगल सिंह रामगढ़िया द्वारा बच्चों को उपहार देकर हौसला अफजाई की जायेगी कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी गण, समाजसेवी, खाजूवाला के प्रबुद्धजन परिवार सहित हिस्सा लेंगे कार्यक्रम की तैयारियों से लगता है कि ये खाजूवाला की पावन धरा पर ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा।

# दिल्ली से महाकुंभ लाकर पत्नी को मार डाला

## परिवार से कहा- भीड़ में खो गई; शक न हो इसलिए संगम पर वीडियो बनाए

जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** मेरा एक महिला से अफेयर है। पत्नी मीनाक्षी इसका विरोध करती थी। रोज लड़ती थी। इसलिए मैंने उसे मारने की साजिश रची। प्रयागराज महाकुंभ सबसे सही जगह लगी। मैं दिल्ली से उसे लेकर आया। पत्नी की हत्या से पहले संगम पर स्नान किया। उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसके बाद लॉज में किराए का कमरा दिया। रात में उसी लॉज में हत्या कर दी। मैंने सोचा था पत्नी को यहां मार देंगे और परिवार वालों से कह देंगे कि मीनाक्षी महाकुंभ में खो गई। यह बातें दिल्ली निवासी अशोक वाल्मीकि ने पुलिस पूछताछ में बताई। आरोपी ने 18 फरवरी की रात प्रयागराज के एक लॉज में धारदार हथियार से पत्नी की गला रेत कर हत्या कर दी थी। उसके बाद सारा सामान लेकर फरार हो गया था। घरवालों को फोन कर बताया कि पत्नी महाकुंभ की भी? में कहीं खो गई है। फिर वह दिल्ली भाग गया। 21 फरवरी को बेटा अश्विन (22) तलाश करता हुआ प्रयागराज पहुंचा। यहां उसने मां के शव की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने पति को अरेस्ट किया। प?िए पूरा घटनाक्रम...।

**लॉज के बाथरूम में मिली थी लाश**

प्रयागराज स्थित झूंसी के एक लॉज के बाथरूम में 19 फरवरी को महिला का शव मिला था। उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। लॉज मालिक की सूचना पर पुलिस पहुंची। लॉज मालिक ने पूछताछ में बताया कि



मंगलवार रात 9 बजे महिला एक युवक के साथ आई थी। दोनों ने एक-दूसरे को पति-पत्नी बताया था। उन्होंने 500 रुपए में कमरा लिया था। आईडी और फोन नंबर नहीं दिया था।

झूंसी इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया था कि कमरे में महिला का कोई सामान नहीं मिला। महिला के साथ आया युवक भी फरार था। जिस मकान में लॉज था, उसका मकान मालिक वहां नहीं रहता है। बगल की एक दुकान वाला ही उसकी देखभाल करता है। दोनों ने दुकानदार से रिक्वेस्ट किया कि दिल्ली से आए हैं। थके हैं। कुछ घंटे के लिए एक कमरा दे दो। दुकानदार ने उन्हें एक कमरा दे दिया था।

**बेटा मां को तलाशते हुए पहुंचा थाने**

आरोपी ने जब परिवार में यह बताया कि पत्नी कुंभ में खो गई है, तो उसका बेटा अश्विन 20 फरवरी को मां को तलाश करता हुआ प्रयागराज पहुंचा। यहां झूंसी थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह को अपनी मां की फोटो दिखाई और बताया कि ये उसकी मां मीनाक्षी हैं। यह लापता हैं। पापा के साथ 17 फरवरी को महाकुंभ स्नान करने के लिए दिल्ली से आई थीं। अश्विन ने बताया- मम्मी की तलाश के लिए मैं सबसे पहले प्रयागराज जंक्शन के थाने में गया। यहां पुलिस ने मम्मी की फोटो देखते ही कहा कि झूंसी में एक महिला की हत्या हुई है। वहां से जो तस्वीर आई है, उससे तुम्हारी मम्मी का चेहरा मिल रहा है। इसके बाद मैं झूंसी थाने पहुंचा। यहां इंस्पेक्टर उपेंद्र प्रताप सिंह मुझे लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे और डेडबॉडी दिखाई। डेडबॉडी देखते ही अश्विन फूट-फूटकर रोने लगा। उसने थाना प्रभारी से कहा- ये मेरी मम्मी हैं। इसी बीच पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जुटा ली थी, जिसमें महिला एक युवक के साथ जाती दिखाई दे रही थी।

**पति बोला- चाकू से गला काटा**

थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह को अश्विन के पिता पर शक हुआ। पुलिस ने अश्विन से उसके पिता के बारे में पूछा। अश्विन ने बताया- उसके पिता का नाम अशोक कुमार है। वह दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मी हैं। पुलिस ने अश्विन से उसके पिता को बुलाने के लिए कहा। बेटे अश्विन के बुलाने पर अशोक 21 फरवरी को प्रयागराज के बैरहना पहुंच गया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक विजय कुमार के निर्देशानुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 5 एच बड़ा में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर वैशाली अग्रवाल द्वारा विभागीय योजनाओं- निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा सेतु, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उधम प्रोत्साहन, लाडो प्रोत्साहन, मरू उड़ान की विस्तार से जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट सुप्रिया बरावड द्वारा बालिकाओं के अस्तित्व को सुनिश्चित करने तथा लिंग भेदभाव को समाप्त करने पर विचार-विमर्श किया गया।

साथिन सुनीता बिश्नोई द्वारा बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई व पौधारोपण करवाया गया।

# मोहित चोधरी श्री राष्ट्रीय वीर जाट सेना के जिला अध्यक्ष मनोनीत

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** जिला श्री गंगानगर राजस्थान के मोहित चोधरी को श्री राष्ट्रिय वीर जाट सेना का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया मनोनयण का पत्र राष्ट्रिय अध्यक्ष रवि चोधरी ने सोंपा ओर बैठक कर कार्यकारणी विस्तार करने का सुझाव दिया आगामी दिनों में मोहित चोधरी द्वारा शीघ्र कार्यकारणी का विस्तार किया जाएगा मोहित चोधरी के नेतृत्व में समाज हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जायेंगे मोहित चोधरी वरिष्ठ मजदूर नेता सुख दुःख के साथी हेमराज चोधरी के सुपुत्र हैं हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# श्री श्याम ब्रजमंडल का वार्षिक समारोह आज से

## वार्षिकोत्सव मे आज भव्य श्याम संकीर्तन ❑ कल रविवार को पांच कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** श्रीश्याम ब्रज मंडल का 21 वां वार्षिक समारोह आज 22 से 23 फरवरी तक बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष बालकिशन सिंगल में दीपक शेरेवाला ने बताया कि आज शनिवार को रात्रि 08.30 से सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर, सुदामानगर में श्री श्याम हनुमान मंडल के राजकुमार सिंगल , दिनेश सिंगल व अन्य भजन प्रवाहकों द्वारा बाबा श्याम का विशाल जागरण किया जाएगा। वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन यानी कल रविवार को पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा। यह आयोजन छठ आयोजन होगा। पिछले 5 वर्षों से लगातार श्याम ब्रजमंडल पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह करता आ रहा है । यह आयोजन रिद्धि सिद्धि गेट के नजदीक आकाशदीप लॉन्ज में संपन्न होगा । सिद्ध धाम श्रीखाटूश्याम धाम मंदिर सुदामानगर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को भव्य व रंग बिरंगी लाइटो ,दुपट्टो, फूलो से सजाया जाएगा। विभिन्न प्रकार के भोग भी बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए जाएंगे।

# गिरिडीह में ड्राइवर से लूटपाट: कोल्ड ड्रिंक की बोतल से हमला कर छीने 20 हजार रुपए, एक आरोपी हिरासत में

**गिरिडीह।** गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चाइना मोड पर एक ड्राइवर से दबंगों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ड्राइवर मोहम्मद ताज हुसैन सिमरियाडोरा का रहने वाला है। ताज हुसैन ने बताया कि वह काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान चाइना मोड के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल से उसके सिर पर हमला किया। इसके बाद उसके पास मौजूद 20 हजार रुपए छीन लिए। ये पैसे उसने पेमेंट कलेक्शन के रूप में प्राप्त किए थे। पीड़ित का कहना है कि न तो वह आरोपियों को जानता था और न ही उनसे कोई पुराना विवाद था। उसने बताया कि ये लोग इलाके में अन्य लोगों के साथ भी दबंगई करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# 1780 प्रतिबंधित टैबलेट बरामद दो तस्कर गिरदार

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ।** स्थानीय थाना अधिकारी मलकीत सिंह व ड्रग विभाग की इंस्पेक्टर अमनदीप कौर की संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो जनो को नशे की प्रतिबंधित 1780 टैबलेट मोटरसाइकिल एमबी एक्ट में गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है चूनावढ पुलिस ने यह कार्रवाई पदमपुर रोड गांव भगवान सर के पास पेट्रोल पंप के सामने आ रहे आरोपी मनोज कुमार उम्र 22 साल पुत्र ओमप्रकाश जाति नायक निवासी वार्ड नंबर 6 19जैड श्रीगंगानगर व देवेंद्र सिंह उम्र 24 साल पुत्र जसपाल सिंह जाति मजहबी सिख वीपीओ 23जैड श्रीगंगानगर को 1780 प्रतिबंधित प्रेगाबलीन टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया है इन आरोपियों से पुलिस ओर पूछताछ कर रही है।

# युवकों ने भाई-भतीजे पर चढाई कार :आपसी रंजिश में रास्ता रोका, लाठी-डंडों से पिटाई

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव उटोन में स्विफ्ट कार सवार युवकों ने दो भाईयों पर हमला कर दिया। इन्होंने गाली गलौच और कमेंट करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी दोनों को अधमरा करके आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। बिलासपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में उटोन गांव के रहने वाले तैय्यब ने बताया कि 14 फरवरी को रात के समय करीब 8.30 बजे वह अपने बीमार बडे भाई से मिलने गया था। रास्ते में एक गाडी स्विफ्ट गाड़ी में सवार पांच और बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। इन्होंने बिना किसी बात के गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वह किसी तरह उनसे बचकर निकला तो पंचायत घर के पास पीछा कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी गाड़ी से आमने सामने की टक्कर मार दी।



इस टक्कर में तैय्यब व उसके भतीजे शेरअली उर्फ सहरूदीन को चोट लग गई। जिससे वह बेहोश होकर रास्ते मे गिर गया। परिवारवालों ने उसे तावडू अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए नलहड मेडिकल कालेज में रेफर कर दिया। उन्होंने पुलिस को बताया कि करने वाले विक्की, बहरू, दीपक, सौरभ, कमल, गोलू , राहुल, निखिल, पंकज, निखिल आदि हैं। इसलिए इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस बारे में थाना बिलासपुर थाना प्रभारी मदन लाल ने बताया कि दोनों पक्षों का आपसी झगड़ा है। एक पक्ष के लोग इलाज के लिए नलहड़ मेडिकल कालेज चले गए थे। वहां से आने के बाद इन्होंने शिकायत दी। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

# कोडरमा में छात्रा ने कर ली सुसाइड

जनमार्ग न्यूज

**कोडरमा।** कोडरमा में 15 साल की नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। घटना तिलैया थाना क्षेत्र के नरेश नगर की है। मृतका की पहचान 15 वर्षीय शिवानी कुमारी के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम राजकुमार सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका के माता-पिता कल शाम ही कुम्भ नहाने के लिए गए हुए थे। वह घर में अपने भाई और बड़ी चाची के साथ थी। छात्रा घर में अपने भाई और बड़ी चाची के साथ थी। माता-पिता कुंभ नहाने गए हुए हैं।

मृतका की चाची के मुताबिक आज सुबह उसका भाई 10 वीं की परीक्षा देने गया था। इसी बीच शिवानी बर्तन मांज रही थी। मैं उसके घर पहुंची तो उसने मुझसे बाहर बैठने को कहा। इसके बाद वह घर के भीतर चली गई।

# रोहतक एनकाउंटर मामला: लूटपाट कर भाग रहे थे बदमाश

जनमार्ग न्यूज

**रोहतक।** रोहतक जिले में कल पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी नीरज और नवीन पर चेन स्नेचिंग, लूट और डकैती जैसे मामले दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ से पहले भी आरोपियों ने एक ढाबे पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने बंदूक की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद वे शहर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चेन स्नेचिंग और लूट के आरोपी नीरज कथूरिया उर्फ शूटर और नवीन उर्फ भोलू सुनारिया किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में जेल रोड पर खड़े हैं।एसआई सत्यवान ने बताया कि जब उन्होंने बाइक सवार आरोपियों को रोकने के लिए बाइक के आगे गाड़ी लगाई तो आरोपियों की बाइक स्लिप होकर गिर गई, जिसके नीचे बाइक चला रहा नवीन दब गया। वहीं, पीछा बैठा नीरज मौके से फरार होने के लिए दौड़ पड़ा।

# अश्व व पशुपालक सेवा समिति द्वारा वार्षिक अश्व मेला संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** अश्व व पशुपालक सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक अश्व मेले का समापन शुक्रवार को नृत्य प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस आयोजन में स्थानीय और दूर-दूर से आए अश्वपालकों ने अपने घोड़ों को आकर्षक रूप से सजाकर नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे मेले में चार चांद लग गए। मेले का प्रमुख आकर्षण अश्वों की नृत्य प्रतियोगिता थी, जिसमें बढ़ी संख्या में दर्शकों ने आकर मेले की शोभा बढ़ाई। समापन समारोह में समिति के अध्यक्ष रिछपाल सिंह मान और सचिव करनी सिंह गिल ने मेले की सफलता के बारे में जानकारी दी और अश्वपालकों का धन्यवाद किया। प्रतियोगिता में अश्वों ने उत्साह के साथ भाग लिया, और दर्शकों ने भी इन शानदार घोढ़ों की सवारी और नृत्य का आनंद लिया। पूरे दिन यह प्रतियोगिता उत्साह और उमंग से भरी रही, और वहां उपस्थित हर किसी को एक शानदार अनुभव मिला। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए समिति ने बताया कि इस वर्ष के मेले में पुरस्कार वितरण इस प्रकार हुआ, जिसमें प्रथम स्थान पर लब्बू खान किकरावाली का अश्व रानी ने बाजी मारी, जिसे 5100 रुपये नगद और ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर अजय सिंहमार का अश्व सुमेरा रहा, जिसे 4100 रुपये नगद और ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर रणवीर ढाका का अश्व विजय लक्ष्मी रहा, जिसे 3100 रुपये नगद और ट्रॉफी, चौथे स्थान पर हेतराम सहारण का अश्व मोरनी और पांचवें स्थान पर मोहम्मद खान का अश्व बिल्लो रहा, जिन्हें 2100 रुपये नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अश्वपालकों को प्रोत्साहित करना और स्थानीय समाज में पशुपालन के महत्व को बढ़ावा देना था। समिति के अध्यक्ष रिछपाल सिंह मान और सचिव करनी सिंह गिल ने कहा कि इस तरह के मेलों से पशुपालन को प्रोत्साहन मिलता है, साथ ही अश्वपालकों को भी एक मंच मिलता है अपनी कला और कौशल को प्रदर्शित करने का। समिति के सदस्यों और स्थानीय प्रशासन की टीम ने मेले के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महाकुंभ जा रहे 2 श्रद्धालुओं की मौत

## कोंडागांव में पुलिया से टकराई कार, 4 गंभीर; बेंगलुरु से प्रयागराज जा रहा था परिवार

**कोंडागांव ( जनमार्ग न्यूज )।** कोंडागांव में एक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से घायल हैं। बेंगलुरु से एक परिवार प्रयागराज महाकुंभ जा रहा था, तभी उनकी कार पुलिया से टकराकर पलट गई। हादसा सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे 30 पर हुआ। मामला फरसगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस जवानों की मदद से उन्हें फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। एक्सयूवी कार में सवार सभी 6 लोग एक ही परिवार के थे। पुलिस के मुताबिक, घटना बोरगांव और फरसगांव के बीच टर्निंग में पुलिया के पास हुई है, पुलिस ने अनुमान लगाया है कि सुबह के समय कार अनबैलेंस होकर पलटी होगी, फिलहाल जांच जारी है। मृतक के नाम गीता शेखर 49 वर्ष, संतोष रेड्डी 45 वर्ष है। वहीं घायलों में एस सुषमा (38), विशाल रेड्डी (10) एस शोभा (39) और ड्राइवर रवि तेजा (35) शामिल है। हादसे में कार पूरी तरह से डैमेज हो गई है।

# फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** शुक्रवार टाउन के व्यापार मंडल कन्या पी.जी.महाविद्यालय में शुक्रवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़ ने की। इस अवसर पर बी.ए.,बी.कॉम,बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं को द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नीलम गौड़,वीएम बालिका स्कूल की प्रधानाचार्या संजू गाड़िया,किरण राठौड़ व महाविद्यालय स्टाफ द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रवज्वलीत कर के किया गया। उन्होंने छात्राओं का तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में योगदान के महत्व को समझाया। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कारों की भी पाठशाला है, जहां छात्राओं को एक मजबूत और आत्मनिर्भर व्यक्तित्व विकसित करने का अवसर मिलता है,प्राचार्य श्रीमती गोड़ द्वारा छात्राओं के साथ बिताये गये पलो को याद करते हुऐ आगामी परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन करे ऐसा आर्शीवाद प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंजाबी डांस, राजस्थानी लोक नृत्य, गीत-संगीत और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने समारोह में चार चांद लगा दिए। छात्राओं की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। फेयरवेल पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस फेयरवेल् प्रतियोगिता रही, जिसमें तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। जजों के निर्णय के अनुसार, महाविद्यालय की छात्रा प्रिय गुज्जर को मिस फेयरवेलष् चुना गया। विजेता को महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा विशेष सम्मान दिया गया। उन्हें मिस फेयरवेल का दुपट्टा पहनाया गया और क्राउन से नवाजा गया। इस पूरे आयोजन का संचालन प्रो. डॉ. ज्योति यादव ने किया। उन्होंने बताया कि यह विदाई केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि छात्राओं के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और छात्राओं ने मिलकर मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया और विदाई समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैना गुम्बर,रमेश कुमार, सुधीर कुमार, हनुमान प्रसाद,निवेदिता पारीक,नेहा काठपाल,कर्मजीत कौर तथा समस्त स्टाफ, शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित रहे। विदाई पार्टी ने सभी के दिलों में एक भावनात्मक याद छोड़ दी, जिसमें छात्राओं ने अपने बीते तीन वर्षों की यादें ताजा करते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

# सामूहिक सुंदरकांड का महापाठ 1 मार्च को

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** रामेश्वरम सेवा समिति द्वारा संचालित शिव मंदिर का 24 वां वार्षिक उत्सव 1 मार्च से 2 मार्च तक मनाया जाएगा । 1 मार्च वार शनिवार को रात्रि 7रू15 बजे से 501 यजमानों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का महापाठ किया जाएगा । अध्यक्ष उमाशंकर मित्तल ने बताया कि यह महापाठ बीकानेर के दाधीच अलमस्त मंडल द्वारा किया जाएगा जो भागवताचार्य पंडित सत्यनारायण दाधीच के सानिध्य में संपन्न होगा । सचिव तिलोकचंद मित्तल ने बताया कि समिति सदस्यों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के लिए संकल्प पत्र भरवा जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक सीएण् पवन मित्तल ने बताया कि 10 मार्च रविवार को प्रातः 9 से श्री सालासर बालाजी भजनी संघ द्वारा 11 घंटे का अखंड रामनाम जाप किया जाएगा तथा इसी दिन दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा लगाया जाएगा । कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंघल ने बताया कि पूरे कार्यक्रम में 31 सवामणी का भगवान को भोग लगाया जाएगा। समिति अध्यक्ष उमाशंकर मित्तलए कार्यक्रम संयोजक सीएण् पवन मित्तलए सचिव तिलोकचंदए कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंघलए सुमित गर्गए पवन कुमार राठीए रमाकांत शर्मा इत्यादि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जोर . शोर से लगे हुए हैं।

# जेपीएससीटॉपर शालिनी, आईआरएस भाई और मां ने उठाया खौफनाक कदम

## डेड बॉडी के पास खून में सने बिखरे फूल पर सस्पेंस

जनमार्ग न्यूज

**रांची:** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पहले बैच की टॉपर शालिनी विजय मौत ने कई सवाल ख? कर दिए हैं। शालिनी का शव केरल के कोच्चि में आईआरएस भाई के क्वाटर में संदिग्ध हाल में मिला। शालिनी के साथ ही उसके भाई मनीष विजय अग्रवाल और उनकी मां शकुंतला विजय का भी शव बरामद किया गया।

**सीबीआई की ओर से शालिनी को हुआ था नोटिस:** शालिनी बीते चार सालों से अवकाश पर थीं। वह रांची में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर लंबे समय तक रही थीं। पूरा परिवार रांची के रेडियम रोड स्थित अपार्टमेंट में किराये पर रहता था। जेपीएससी पहली और दूसरी परीक्षा की सीबीआई जांच चल रही है। सीबीआई ने जेपीएससी प्रथम में सफल अभ्यर्थियों में से करीब 55 को नोटिस किया है। उनमें शालिनी विजय भी शामिल थीं। सीबीआई की विशेष अदालत ने शालिनी को 15 फरवरी को पेश होने के लिए समय भेजा था। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में सार्वजनिक अपमान के डर से परिवार ने आत्महत्या की है।



**शकुंतला के शव पर थी फूलों की माला:** शकुंतला के शव पर फूल-माला रखी हुई थी। बगल में परिवारिक सदस्यों की तस्वीरें भी रखी हुई थी। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि उनकी मौत पहले हुई। इसके बाद मनीष और शालिनी की मौत हुई। प?ोसियों स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरा परिवार काफी धार्मिक प्रवृत्ति का था। ऐसे में पारिवारिक या धार्मिक कारणों से भी घटना को अंजाम दिए जाने का संदेह है।

**शालिनी की आखिरी पोस्टिंग गढ़वा में हुई थी:** शालिनी विजय लंबे समय तक रांची में कार्यपालक दंडाधिकारी रहीं। उनकी आखिरी बार पोस्टिंग गढ़वा में जिला समाज कल्याण विभाग में हुई। लेकिन 2021 में छुट्टी लेकर वो केरल चली गई। कार्मिक विभाग के अनुसार इसके बाद से शालिनी का विभाग से कोई संपर्क नहीं हो पाया। हालांकि जनवरी 2025 में शालिनी ने अपनी छुट्टी को एक बार फिर से बढ़ाने के लिए कार्मिक विभाग में आवेदन दिया। लेकिन कार्मिक विभाग की ओर से छुट्टी बढ़ाने और पहले ली गई छुट्टी के कारणों के बारे में उनसे पूरी जानकारी मांगी थी।

**2008 में शालिनी की हुई थी शादी, मां ने कराया मुंडन:** शालिनी की शादी 2008 में हुई थी। पति संबलपुर में लेक्चरर थे। शालिनी की शादी के पहले मां की ओर से मन्नत मांगी गई थी कि बेटी की शादी होने के बाद वो अपने सिर के बाल को दान में दे देंगी। पड़ोसियों के अनुसार बेटी की शादी के बाद शालिनी की मां शकुंतला विजय ने मुंडन भी कराया था। लेकिन शालिनी की शादी लंबे समय तक नहीं चली। 2019 में शालिनी अपने पति से अलग हो गई।

# हरियाणा एमबीबीएस परीक्षा घोटाले में 41 पर एफआईआर

## 2 कर्मचारियों ने कबूला जुर्म; अब तक 8 रेगुलर कर्मचारी सस्पेंड, 9 आउटसोर्स की सेवाएं समाप्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा एमबीबीएस परीक्षा घोटाले में 41 छात्रों और कर्मचारियों के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज की गई है। पुलिस ने पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक (यूएचएसआर) से 24 एमबीबीएस छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड तलब किए हैं। इन छात्रों के साथ ही यूनिवर्सिटी के 17 कर्मचारियों के नाम भी एफआईआर में दर्ज किए गए हैं। पुलिस की अब तक की जांच में यूएचएसआर के दो कर्मचारियों ने पूछताछ के दौरान परीक्षा घोटाले में अपनी भूमिका स्वीकार की है। अब ये दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी छात्रों से औपचारिक पूछताछ शुरू करने से पहले आंसर शीट में छेड़छाड़ और संबंधित गड़बड़ी की पुष्टि करने के लिए परीक्षा रिकॉर्ड महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, उन्होंने चल रही जांच का हवाला देते हुए आगे की जानकारी देने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि यूएचएसआर के कर्मचारी रोशन लाल, रोहित और दीपक, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपनी भूमिकाएं स्वीकार की हैं। अब ये दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। इस घोटाले के जवाब में, यूएचएसआर अधिकारियों ने आठ नियमित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया और नौ आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। इसके बाद 24 एमबीबीएस छात्रों और 17 कर्मचारियों सहित 41 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इस विवाद पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सीनियर कांग्रेस लीडर और लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला ने घोटाले की न्यायिक जांच की मांग की है तथा भाजपा सरकार पर प्रणालीगत भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया, एमबीबीएस परीक्षा घोटाले ने एक लंबे समय से चल रहे नेटवर्क को उजागर किया है, जिसमें रिश्वत और हेराफेरी के जरिए फर्जी डॉक्टर बनाए गए थे। यह कुप्रथा जीवन को खतरे में डालती है और हमारी चिकित्सा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करती है। सरकार को एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए जिसमें वह उठाए जा रहे कदमों का विवरण दे और यह बताए कि कितने ऐसे फर्जी डॉक्टर तैयार किए गए हैं।

# पीएम मुद्रा लोन के नाम पर ठगी

## मकान बनाने के लिए 10 लाख का लोन लेना था, 8 लाख गंवा दिए

**गुरुग्राम (जनमार्ग न्यूज)।** गुरुग्राम में मकान बनाने के लिए सोशल मीडिया पर लोन देने वाली कंपनी तलाश रहे एक व्यक्ति से ठगों ने 8 लाख 11 हजार 257 रुपए ठग लिए। वार्ड 17 नरसिंह पुर के रहने वाले देवेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान बनाने के लिए उसे 10 लाख रुपए की जरूरत थी। इसलिए उसने सोशल मीडिया पर लोन लेने के संबंध में काफी प्रयास किया, परन्तु कहीं से भी लोन नहीं मिला। कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति की काल आई। जिसने खुद को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम मुद्रा लोन योजना का अधिकारी बताया। अनजान व्यक्ति ने बताया कि हम जरूरतमंद लोगों को लोन देने का काम करते है। जिस पर मैंने कहा कि मुझे भी 10 लाख के लोन की आवश्यकता है। जिसके बाद व्यक्ति ने कहा कि लोन लेने से पहले आपको कुछ रजिस्ट्रेशन चार्ज, इंश्योरेंस चार्ज व जीएसटी आदि की पेमेंट करनी पड़ेगी। जो लोन प्राप्त होने उपरान्त आप द्वारा दिए गए सभी चार्ज आपको रिफंड हो जाएंगे। व्यक्ति की बातों में आकर उसके द्वारा बताए गए नंबरों में उसने फेडरल बैंक से गूगल और फोन पे के माध्यम से 64 ट्रांजेक्शन से कुल 8,11,257 रुपए ट्रांसफर कर दिए। परन्तु उसे कोई लोन व कोई रिफंड प्राप्त नहीं हुआ। मेरे साथ अनजान व्यक्ति ने साईबर फ्रॉड किए जाने का अहसास होने पर वह डिप्रेशन में चला गया। अब उसने पुलिस में केस दर्ज करवाया है।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक को वकीलों ने पीटा

## रीवा में लव-जिहाद के आरोप में की मारपीट; हिंदू लड़की को लेकर पहुंचा था

**रीवा (जनमार्ग न्यूज)।** रीवा में कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक को वकीलों ने जमकर पीटा। वह हिंदू युवती को लेकर एक वकील के चेंबर में पहुंचा था। यहां पहचान उजागर होने के बाद वकीलों ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। मामला जिला न्यायालय में शुक्रवार शाम का है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवती को जीप से और युवक को स्कूटी पर बैठाकर थाने भिजवाया।



**वकीलों से युवक कर रहा था बहस**

दरअसल, शुक्रवार शाम को कोर्ट में वकीलों की हड़ताल होने की वजह से पहले से ही दलील और बहस का काम ठप पड़ा था। वकील अपने चेंबर में बैठकर पुरानी फाइलें निपटा रहे थे। इसी बीच एक मुस्लिम युवक एक ब्राह्मण लड़की को लेकर एक वकील के चेंबर में जा पहुंचा। वकील ने उसे बताया कि स्टॉम्प पर शादी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस पर वकीलों से बहस करने लगा।

**आधार कार्ड से पहचान हुई उजागर**

वकीलों को जब शक हुआ तो उन्होंने युवक से उसका आधार कार्ड मांगा। आधार कार्ड देखने पर पता चला कि वह मुस्लिम समुदाय से है। इसके बाद अन्य वकील में वहां पहुंच गए और उसकी पिटाई शुरू कर दी।

**टीआई ने युवक-युवती को भिजवाया थाने**

जिस वक्त युवक की पिटाई हो रही थी। उसी वक्त किसी ने पूरे घटना की सूचना सीएसपी रितु उपाध्याय को दी। सीएसपी ने तत्काल सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू को मौके पर भेजा। टीआई सरकारी गाड़ी छोड़कर स्कूटी लेकर ही वहां पहुंचे। उन्होंने भीड़ से युवक-युवती को बाहर निकाला। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।

**तथ्यों के आधार पर होगी कानूनी कार्रवाई**

सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि युवक और युवती शादी करने के लिए कोर्ट परिसर में पहुंचे थे। विवाद की स्थिति बनी तो पुलिस उन्हें थाने लेकर पहुंची है। युवक का मेडिकल कराया जा रहा है। आगे आने वाले तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गले पर निशान और दो हिस्सों में फटा सिर, मौत

**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार की शाम एक युवक को बेरहमी से पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के गले पर निशान पता गया है, साथ ही सिर पर मारने की वजह से सिर दो हिस्सों में बंट गया है। परिजनों को रात 9 बजे सूचना मिली कि युवक का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है। पूरा मामला चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर गांव का है। मृतक की पहचान घोरहरी निवासी रुदल चौहान के बेटे राकेश चौहान (30) के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के लल्लू यादव और उसके भाई बिरजू यादव पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के भाई संजीत कुमार ने बताया कि कल शाम को लल्लू यादव का बड़ा बिरजू यादव भाई की गांव जाने की बात कहकर बुलाने आया था। भाई ने कहा कि पंखा लेकर आते हैं, जिसके बाद दोनों निकल गए। रात 9 बजे लोगों से सूचना मिली कि भाई की बॉडी सड़क किनारे पड़ी है।

**वारदात को अंजाम देने की वजह** : संजीत ने बताया कि गांव के लल्लू यादव का मेरी मंझली भाभी के साथ अफेयर चल रहा था, जिसकी जानकारी 2 महीने पहले सभी लोगों को हुई। दोनों की बातचीत बंद हो गई, जिसके बाद लल्लू यादव ने भाभी का फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वायरल की बात सामने आने के बाद दोनों परिवार में काफी लड़ाई हुई थी। इस दौरान लल्लू यादव और उसके साथियों ने भाई को देख लेने की बात कहकर धमकी दी। जिसके बाद वो अपने भाइयों के साथ किराए का मकान लेकर हरनौत रहता था। हालांकि लल्लू के बड़े भाई बिरजू से मेरे भाई की अच्छी दोस्ती थी। वो दोनों आपस में मिलते जुलते रहते थे। कल शाम में बिरजू घर आया और कहा कि गांव चली। जिसके बाद मेरे भाई ने कहा कि गर्मी आ गई है घर से पंखा लेकर आते हैं। दोनों साथ में गांव निकल गए। आगे बताया कि भाई के गले पर निशान है और उसका सिर दो हिस्सों में फटा हुआ था।

# इंडसइंड बैंक के मैनेजर समेत दो गिरफ्तार

## 4.97 करोड़ की ठगी में शामिल, ग्राहकों के अकाउंट ठगों को बेचता था

**गुरुग्राम (जनमार्ग न्यूज)।** गुरुग्राम में पुलिस ने 4.97 करोड़ की ठगी के मामले में इंडसइंड बैंक के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर आदित्य चतुर्वेदी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वह बैंक के ग्राहकों को लालच देकर उनके अकाउंट खरीदता था और दोगुना रुपए लेकर ठगों को आगे बेचने का काम करता था। पुलिस ने अकाउंट बेचने वाले एक कस्टमर को भी पकड़ा है। गुरुग्राम में स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 4 करोड़ 97 लाख रुपए की ठगी के मामले में इसकी संलिप्तता मिली है। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि ठगी के इस मामले में पुलिस काफी समय से जांच कर रही थी। इस मामले में एक आरोपी की पहचान दिल्ली के महेंद्र पार्क रानी बाग और वर्तमान में शकुरपुर कॉलोनी आनंदवास निवासी अविनाश शर्मा और दूसरे की पहचान गांव कटघर मूसा जिला अंबेडकरनगर (उत्तर-प्रदेश), हाल निवासी अध्यापक नगर नांगलोई में रहने वाले आदित्य चतुर्वेदी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी दोनों को उनके घरों से काबू किया है।



**ठगों से 10 से 50 हजार रुपए लेता था**

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अविनाश शर्मा का बैंक खाता ठगी में प्रयोग हुआ था। आरोपी अविनाश शर्मा ने यह बैंक खाता 25 हजार रुपए में आरोपी आदित्य चतुर्वेदी को दिया था। आदित्य चतुर्वेदी पिछले दो वर्ष से दिल्ली की गुजरावाला टाउन स्थित इंडसइंड बैंक ब्रांच में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बैंक में नौकरी के दौरान आरोपी आदित्य की मुलाकात एक अन्य व्यक्ति से हुई थी। उस व्यक्ति ने आरोपी आदित्य को बचत बैंक खाता के बदले 10 हजार रुपए तथा करंट अकाउंट के बदले 50 हजार रुपए देने का प्रलोभन दिया था। जिसके बाद आरोपी आदित्य उस व्यक्ति के भेजे हुए लोगों के बैंक खाते आरोपी अविनाश की दुकान के पते पर खुलवा देता था।

**अविनाश के खाते पर 10 राज्यों में केस**

आरोपी अविनाश शर्मा के इस बैंक खाता के विरुद्ध जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, असम, महाराष्ट्र में 12 शिकायत तथा कर्नाटक में एक केस दर्ज है। इन सभी मामलों में पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश कर रही थी, लेकिन सफलता गुरुग्राम पुलिस के हाथ लगी है। इस संबंध में एसीपी प्रियांशु दीवान ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस पूरे सिंडिकेट में और कितने लोग शामिल हैं, उसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मामलों में अब तक गुरुग्राम पुलिस द्वारा 27 पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पटना में 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर, लगी आग

## जिंदा जला ड्राइवर, दूसरे ने गाड़ी से कूदकर बचाई जान



**पटना।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र में मसाढ़ी गांव के पास 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। इस घटना में एक ड्राइवर की जिंदा जलने से मौत हो गई। दूसरे ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। एक ट्रक में सीमेंट और दूसरे फल लदा था। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक एक ड्राइवर की मौत हो चुकी थी। अभी तक मृतक की पहचान नहीं सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया गया है।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** गौरीचक थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि दोनों गाड़ियों के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई है। आग लगने के बाद एक ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# महाकुंभ के नाम पर 25 .50 लाख की ठगी

## करोड़ों के मुनाफे का दिया झांसा, आईआरसीटीसी का फर्जी वर्क ऑर्डर दिखाया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में प्रयागराज महाकुंभ में खाना सप्लाई करने का झांसा देकर सुशांत लोक-2 में रहने वाली नीरज चौधरी से 2.50 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने महिला के घर आकर रेलवे की फूड सप्लाई कंपनी घंटे पहले का फर्जी वर्क ऑर्डर भी दिखाया। इतना ही नहीं उन्होंने महिला के 23 लाख रुपए का खर्चा भी करवा दिया। इसके बाद न तो कांट्रेक्ट दिया और न ही पैसे लौटाए। नीरज चौधरी ने पुलिस में कंप्लेंट देकर एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि वह एफजीएस सिक्योरिटी एनवायरनमेंट के नाम से मैनपावर का काम करती है। दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में उसके मैनेजर रवि शंकर के पास बिपुल नाम के शख्स का फोन आया और उसने बताया कि उसे प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में भोजन की व्यवस्था के लिए इंडियन रेलवे कैटेरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन से कांट्रैक्ट मिला है। जिसके तहत दोपहर का खाना व रात के खाने के लिए व्यवस्था करनी है। इसकी एवज में करोड़ों रुपए का मुनाफा होगा।



**आईआरसीटीसी फर्जी वर्क ऑर्डर दिखाया**

शिकायतकर्ता ने बताया कि, विपुल झा ने हमें मिलने के लिए बुलाया और मुलाकात के समय बताया कि करोड़ों का कांट्रैक्ट हैं और आईआरसीटीसी का एक वर्क आर्डर अपनी फर्म एडवांस डायमंड टूल्स के नाम दिखाया। उसने कहा कि आप 2.5 लाख रुपए तुरंत मेरे अकाउंट में जमा करवा दिजिए। इसके बाद फूड लाइसेंस बनवाने के लिए 18 हजार अलग से भेजें। साथ ही काम करने के लिए आदमी तैयार करने को कहा, क्योंकि कांट्रैक्ट के हिसाब से रोजाना खाने की 42 हजार थालियां सप्लाई की जानी है।

**कथित पत्नी भी ठगी में शामिल**

एडवांस डायमंड टूल्स की प्रोपराइटर आरती ठाकुर ने खुद को विपुल की पत्नी बताते हुए सब्जबाग दिखाए कि करोड़ों का मुनाफा होगा और झांसे में रखकर पैसे ऐंठ लिए। अब महाकुंभ खत्म होने वाला है, लेकिन न तो काम दिया गया और न ही पैसे लौटाए गए। 16 जनवरी से वे रुपए वापस करने के नाम पर आज-कल कर रहा है। उन दोनों ने उनके साथ बड़ा फ्राड किया है। इनके घर भी ताला लगा हुए है। हमें शक है कि इन्होंने दूसरे लोगों से भी ठगी की है। जांच अधिकारी दिनेश का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# झांसी में 12 बुलडोजर पर बारात की विदाई

## दुल्हन की कार आगे, पीछे बुलडोजर पर नाचते बाराती

**झांसी।** झांसी में अनोखे अंदाज में दुल्हन की विदाई हुई। बारात में आगे दूल्हा-दुल्हन की कार चल रही थी, पीछे 12 बुलडोजर पर नाचते-गाते बाराती। बारात देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ जुट गई। बारात कार, बग्घी और डीजे के साथ गई थी, लेकिन जब सुबह विदाई हुई तो यह शहर में चर्चा का विषय बन गई। लोग बारात की विदाई को अपने मोबाइल में कैद करने लगे।

शुक्रवार सुबह बिहारी मैरिज गार्डन से बारात विदाई हुई। परिजनों ने कहा कि बुलडोजर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा फेमस है। इसलिए हम लोग बारात में बुलडोजर लेकर आए हैं। दूल्हे का भी मन था कि बारात में बुलडोजर आए।

सिजवाह गांव आजाद नगर निवासी मुन्नीलाल ठेकेदार हैं। मुन्नीलाल पांच भाई हैं। सभी के पास बुलडोजर हैं। मुन्नीलाल के छोटे बेटे राहुल की शादी खोड़न गांव के आजाद यादव की बेटी से तय हुई। गुरुवार को बारात शिवपुरी रोड स्थित बिहारी मैरिज गार्डन गई थी। यहां धूमधाम से शादी हुई। सुबह विदाई के दौरान दुल्हन की कार के अलावा 12 बुलडोजर गेट पर खड़े थे। यह देख सभी लोग दंग रह गए। बारात विदा हुई तो बुलडोजर पर सवार बाराती रास्ते भर नाचते-गाते चल रहे थे। अनोखी बारात को देखने के लिए सड़क पर भीड़ लग गई। मैरिज गार्डन दूल्हे के घर से 7 किमी दूर है। राहुल यादव भी पिता के साथ ठेकेदारी करता है। वहीं, दुल्हन करिश्मा ग्रेजुएट है। दुल्हन के पिता किसान हैं। राहुल यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सभी लोग बुलडोजर को बाबा का बुलडोजर के नाम से जानते हैं, जो अवैध निर्माण पर चलता है। ऐसे में मैंने सोचा कि क्यों न बुलडोजर को विदाई में शामिल किया जाए। कुछ बुलडोजर हमारे परिवार के ही हैं। वहीं, कुछ मिलने वालों के थे। बारात सामान्य तरीके से गई थी। जब सुबह विदाई हुई तो पूरे शहर शादी की चर्चा होने लगी।





# सवाईछानी को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग



**हनुमानगढ़।** गांव सवाईछानी और भैरूछानी के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार नई पंचायती व्यवस्था के तहत सवाईछानी (चक नं. 4 जे.एस.एल.) को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में पंचायत मुख्यालय गढ़ीछानी है, लेकिन सवाईछानी और भैरूछानी के गांवों के निवासियों को गढ़ीछानी जाने में काफी परेशानी होती है, क्योंकि यह इन गांवों से काफी दूरी पर स्थित है। ज्ञापन में बताया गया कि 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य में नई पंचायतों का गठन प्रस्तावित किया गया है, और इसी के तहत सवाईछानी, भैरूछानी, बेर और अन्य कुछ गांवों को एक ग्राम पंचायत में मिलाकर गढीछानी को पंचायत मुख्यालय बनाया गया है। लेकिन, इन गांवों की भौगोलिक स्थिति और सुविधाओं को देखते हुए सवाईछानी को पंचायत मुख्यालय बनाना अधिक उचित होगा। ग्रामीणों का कहना है कि सवाईछानी व भैरूछानी (चक 4जेएसएल) की जनसंख्या 2485 है, जबकि बेर (3 जेएसएल) की कुल जनसंख्या 1353 है। गढ़ीछानी से इन गांवों की दूरी बहुत अधिक होने के कारण लोगों को पंचायत कार्यों के लिए वहां पहुंचने में दिक्कतें आती हैं। वहीं, सवाईछानी और भैरूछानी दोनों गांव एक ही चक 4 जे.एस.एल. में स्थित हैं, जबकि बेर गांव भी सवाईछानी के पास ही स्थित है। इसके अलावा, सवाईछानी में पंचायत भवन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है और अस्थायी रूप से पंचायत कार्यालय चलाने के लिए भी भवन बना हुआ है।


# बच्चों को बीमार कर रहा है जंक फूड

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** वर्तमान में बच्चों में जंक फूड का सेवन बढ़ता जा रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या में तेजी से बदलाव आ रहा है। घर के बने भोजन की जगह जंक फूड ने ले ली है। बर्गर, पिज्जा, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक और पैकेट वाले स्नैक्स जैसे खाद्य पदार्थ बच्चों की पसंद बन चुके हैं। हालांकि ये खाने में स्वादिष्ट और आकर्षक होते हैं, लेकिन इनके अत्यधिक सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। चिकित्सकों का मानना है कि बच्चों में जंक फूड के सेवन से कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जंक फूड में अत्यधिक कैलोरी, वसा और चीनी होती है, जो बच्चों के शरीर में अतिरिक्त वजन बढ़ाती है। बच्चों के शरीर में वसा का संचय होने से मोटापा बढ़ता है जो बाद में दिल, रक्तचाप, शुगर जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। बच्चों के आहार में जंक फूड का अधिक सेवन मोटापे की समस्या को गंभीर रूप से बढ़ाता है। बाल रोग विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों में जंक फूड का अत्यधिक सेवन मोटापे को जन्म देता है, जिससे भविष्य में अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों के शरीर में विकास का समय होता है और इस दौरान उनके आहार में पर्याप्त पोषण होना आवश्यक है। जंक फूड में प्रोटीन, कैल्शियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है, जो बच्चों के हड्डियों और मांसपेशियों के विकास में बाधा डालती है। बाल रोग विशेषज्ञों की मानें तो जंक फूड में पौष्टिक तत्वों की कमी बच्चों के शारीरिक विकास को प्रभावित करती है और हड्डियों के कमजोर होने का कारण बन सकती है। जंक फूड का अत्यधिक सेवन बच्चों के पाचन तंत्र पर भी प्रतिकूल असर डालता है। इन खाद्य पदार्थों में रेशे की कमी होती है, जिससे कब्ज, गैस, पेट दर्द और अन्य पाचन समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। हाल ही में हुए शोधों से यह पता चला है कि जंक फूड का सेवन बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अत्यधिक चीनी और वसा वाले आहार से बच्चों में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घट सकती है और उनका मूड स्विंग हो सकता है। बच्चों में अवसाद और चिंता की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं, जिससे बच्चों में चिड़चिड़ापन और मानसिक स्थिति में बदलाव देखे जा सकते हैं।

बच्चों को जंक फूड के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने के लिए यह आवश्यक है कि अभिभावक उन्हें संतुलित और पोषणयुक्त आहार दें। जंक फूड को सीमित करके बच्चों को स्वस्थ खाने की आदतें सिखानी चाहिए। ताजे फल, सब्जियां, अनाज और प्रोटीनयुक्त आहार बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए माता-पिता को उनकी आहार संबंधी आदतों पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि भविष्य में वे स्वस्थ जीवन जी सकें।



**अमित खान**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# बजट घोषणाओं से प्रदेश में मजबूत होंगी हवाई सेवाएं

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: नागरिक उड्डयन मंत्री

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं से प्रदेश का नागरिक उड्डयन क्षेत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के मूर्त रूप लेने से राज्य में हवाई सेवाओं की मजबूती के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

दक ने कहा कि बजट में केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के तहत महत्वपूर्ण स्थानों को हवाई सेवा से जोड़ा जाना प्रस्तावित किया गया है। इससे प्रदेश के गंतव्य स्थलों तक सैलानियों की आसान पहुंच होगी, जिससे अधिक संख्या में पर्यटक राज्य का रुख करेंगे। इसी प्रकार, कोटा एयरपोर्ट के निकट एयरो सिटी बनाने, प्रतापगढ़, झालावाड़ एवं झुंझुनूं में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन तथा माउंट आबू में एयरो स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू किए जाने का लाभ भी आगामी समय में प्रदेश को मिलेगा।

नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि बजट में हमीरगढ़-भीलवाड़ा, झुंझुनूं, तलवाड़ा-बांसवाड़ा, परिहारा-चूरू, कुम्हेर-डीग, प्रतापगढ़, नून-जालोर, फलोदी, सिरोही, चकचैनपुरा-सवाई माधोपुर, कोलाना-झालावाड़, तारपुरा-सीकर और विश्नोदा-धौलपुर सहित 29 हवाई पट्टियों की मरम्मत, रखरखाव एवं उन्नयन कर चरणबद्ध रूप से बड़े हवाई जहाज उतरने के योग्य बनाये जाने की घोषणा की गई है। इससे प्रदेश में आमजन को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध हो पाएगी।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# कवि दरबार विचार गोष्ठी तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पंजाबी भाषा विकास समिति राजस्थान तथा पैड़ां पंजाबी साहित्यक मैगजीन राजस्थान के सयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संस्थापक बलविंदर सिंह ढिल्लों के विंटर हिल पब्लिक स्कूल पुरानी आबादी, गंगानगर में काव्य संगोष्ठी, विचार चर्चा व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुखविंदर सिंह प्राचार्य गुरु नानक खालसा पीजी कॉलेज श्री गंगानगर ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स. सरदूल सिंह जी ने अपनी मां बोली से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कवि लफ़्ज़ धालीवाल, परविंदर सिंह रूपाल, मीनाक्षी अहुजा, परमजीत कौर, बलविंदर सिंह चाहल,स्वर्ण सिंह, हरमन सिंह उपकार, जगसीर सिंह तख्तहजारा, अमरजीत सिंह,जसवीर सिंह ददूहर ने कविता पाठ किया। डॉ. सुखविंदर सिंह ने अपने उद्बोधन में भाषाएं हमारी पहचान,परम्परा और इतिहास की संवाहक होती है इसलिए हमारा अपनी मातृभाषाओं के प्रति लगाव और उनके बचाव पर अपने विचार साझा किये। स.कुलदीप सिंह ने पंजाबी भाषा विकास समिति द्वारा पंजाबी मां बोली के विकास के लिए किया जा रहे कार्यों पर विस्तार सहित चर्चा की। कार्यक्रम में समिति द्वारा सुलेख प्रतियोगिता तथा गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरजिंदर सिंह दिलगीर द्वारा भेजी गई पंजाबी साहित्य से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवीयां कलमां नवीं उड़ान पुस्तक के कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। डॉ परमजीत सिंह मांगट ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया तथा पूरे कार्यक्रम की समीक्षा की। कार्यक्रम में स.बलविंदर सिंह ढिल्लों,पलविंदर सिंह,रविंद्र सिंह, मनजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह उपस्थित रहे।




# सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** रतनदीप मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हनुमानगढ़ जंक्शन में कक्षा 11वीं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वीं के छात्रों ने नृत्य, संगीत और अन्य कला प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा 12वीं के छात्रों को विदाई दी। समारोह में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय प्रशासन ने उन छात्रों के समर्पण और मेहनत की सराहना की, जिन्होंने अकादमिक, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रवण चायल ने कार्यक्रम में भाग लिया और अपने संबोधन में कक्षा 12वीं के छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में विद्यालय के व्यवस्थापक जितेंद्र चायल, अतिरिक्त निदेशक गुरुसरन चायल और प्रधानाचार्य प्रेमपाल शर्मा भी उपस्थित थे। सभी ने कक्षा 12वीं के छात्रों को उनके भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करें। प्रधानाचार्य प्रेमपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण से जीवन में हर मुश्किल को पार किया जा सकता है।

# मूर्ति स्थापना पर कलश यात्रा निकाली



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** प्राचीन शिव बाड़ी मंदिर के भव्य निर्माण पर मूर्तियों का नगर भ्रमण शोभायात्रा कलश यात्रा निकालकर मूर्ति स्थापना करवाई गई। मुख्य यजमान समाजसेवी भामाशाह विजय मुदगल उर्फ लड्डू ने लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराने प्राचीन शिव बाड़ी मंदिर का भव्य नवनिर्माण करवाकर कलश यात्रा हवन के बाद मूर्ति स्थापना करके लंगर में प्रसाद वितरण किया। बीकानेर के प्रख्यात आचार्य पंडित शास्त्री विनोद कुमार किराडू के सानिध्य में विद्वान पंडितों ने महाशिवलिंग, शिव परिवार, हनुमान जी, दुर्गा माता की मूर्तियों के साथ नगर भ्रमण शोभायात्रा में 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, शहर के हर चौक चौराहे पर कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। मूर्तियों के नगर भ्रमण कलश यात्रा में मुख्य यजमान विजय मुदगल उर्फ लड्डू ,विजय कटारिया, पूर्व पार्षद सुरेश गवारिया, पूर्व पार्षद अजय धिंगड़ा, मंदिर के पुजारी शिव शंकर बोहरा, कुलदीप बोहरा, अभिषेक बोहरा, सतनाम वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, सतनाम वर्मा, सुरजन सिंह राजपूत, किशोर सिंधी, छगनलाल सिंधी, मनोहर लाल लोकवाणी ने कलश पूजन और मूर्ति पूजन किया। मुख्य यजमान विजय मुद्गल उर्फ लड्डू ने विधि विधान से पूजन करके शिवलिंग शिव परिवार हनुमान जी और मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना करवाकर लंगर भंडारे में प्रसाद वितरण किया। मूर्ति स्थापना के दौरान प्रदीप नायक, मनोहर सिंह, भगवान सिंह, छोटू शर्मा, सुरेश कुमार, चुन्नीलाल खटीक, उमेश शर्मा, हरि नारायण शर्मा, भीम जोशी, राजेंद्र नायक, लखूराम, काजल सैनी, उमा वाल्मीकि, गायत्री देवी, तारा देवी, आशा कंवर, संतोष देवी मेघवाल सहित ने सेवाएं दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कुलदीप बोहरा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा सम्मानित



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा का शानदार 1 वर्ष पूरा होने पर सम्मान किया गया। नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी, पूर्व पार्षद कामरेड मदन ओझा, विमल सिंह राजपूत ने अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा का 1 वर्ष शहर के विकास के लिए ऐतिहासिक रहने पर गुलदस्ता देकर सम्मान किया ।

पूर्व पार्षद मदन ओझा ने कहा शहर का ऐतिहासिक भग्गू वाला कुआं को प्राचीन धरोहर के रूप में निर्माण करवाने और शहर के हर वार्ड में विकास करने के लिए अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा ने सराहनीय काम किया है। सैनी धर्मशाला के पास प्राचीन धरोहर गणगौर चौक का भव्य निर्माण करवाने की मांग की गई है ताकि शहर की प्राचीन धरोहर को बचाया जा सके।

# ग्यारस की ग्यारस हर बार ....

- आता हूं श्याम के द्वार...
- कल ग्यारस पर होगा विशाल श्याम जागरण
- रगं बिरंगी ध्वजाये करेगे अर्पित
- भजन प्रवाहक अपने भजनों से रिझायेगे

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में कल रविवार पावन एकादशी को बाबा श्याम का मेला लगेगा। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रातःकाल से ही श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो जाएगा । मंदिर प्रांगण में ग्यारस के दिन श्रीगंगानगर जिले से श्याम प्रेमी दरबार में आते हैं और अपनी मन्नतै मांगते हैं । मंदिर प्रांगण में विभिन्न स्थानों से विशाल ध्वजा यात्राएं मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। जिनका स्वागत व अभिनंदन श्याम श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। ग्यारस के दिन मंदिर प्रांगण पूरे दिन खुला रहेगा । पूरे दिन भर श्याम प्रेमी महिलाओं व पुरुषों द्वारा ताली संकीर्तन किया जाता है।

रात्रि 7 बजे से भजन प्रवाहक विशाल सोडा,दीपांशु शर्मा, पवन वर्मा, पवन चलाना ,लविश चुग, विक्की शर्मा व शहर के अन्य भजन प्रवाहको द्वारा बाबा श्याम का विशाल श्याम संकीर्तन किया जाएगा। आए हुए श्रद्धालुओं के लिए गरमा गर्म चाय की व्यवस्था मंदिर प्रांगण द्वारा की जाएगी। शेरेवाला ने बताया कि आगामी फाल्गुन मेले के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। 6 मार्च से 11 मार्च तक मंदिर प्रांगण में फाल्गुन मेला बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।



# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए भारतीय खाद्य निगम को अधिकृत करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद हेतु सूरतगढ़ खरीद केन्द्र पर नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम को अधिकृत करवाने के लिए आज व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी भाइयों ने पूर्व मंत्री राम प्रताप कासनिया का आभार प्रकट किया ।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी ने बताया सूरतगढ़ खरीद केन्द्र पर पिछले 30 40 वर्ष से भारतीय खाद्य निगम ही समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद करती आई है। परंतु इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा नोडल एजेंसी बदलकर तिलम संघ को खरीद कार्य दिया गया था। इसके विरोध में व्यापारी भाइयों ने पूर्व मंत्री श्री राम प्रताप कासनिया से मिलकर पुनः भारतीय खाद्य निगम को नोडल एजेंसी बनवाने का आग्रह किया। जिसपर राज्य सरकार ने सूरतगढ़ खरीद केन्द्र पर भारतीय खाद्य निगम को नोडल एजेंसी बनाया ।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी सचिव मनोज सोमानी पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, दर्शन भक्त परनामी, ललित सिडाना, सुरेंद्र छाबड़ा, व्यापारी अनिल रांका, सुरेंद्र गोयल, सुरेंद्र चोपड़ा ,रमेश नागपाल, संजय बेद, अमित गाबा, सुरेंद्र साई नितिन चोपड़ा, भगवान दास बाघला, दीपेंद्र रांका, विनोद जाजड़ा, किसान प्रतिनिधि कृष्ण छिंपा और मांगीलाल आदि ने राम प्रताप कासनियां को माला पहनाकर उनका स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

# जमशेदपुर में दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या

जनमार्ग न्यूज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में शुक्रवार की रात दो युवकों को भीड़ ने इतना पीटा कि दोनों की मौत हो गई। लोगों का आरोप है कि दोनों को बकरी चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इसके बाद भीड़ ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। घटना चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोड़सा गांव की है। घटना में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरे जख्मी की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। मृतकों की पहचान किशुक बेहरा और भोलानाथ महतो के रूप में की गई है। दोनों ही चाकुलिया के रहने वाले थे। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों युवक बकरी चोरी करने गांव में पहुंचे थे। इसी दौरान बकरी के मालिक ने उन्हें पकड़ लिया और शोर मचाने लगा। शोर सुन मौके पर कई ग्रामीण जुट गए और इसके बाद आरोपियों की लोगों ने जमकर पिटाई शुरू कर दी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशुक बेहरा का शव बरामद किया। वहीं, गंभीर रूप से जख्मी भोला महतो को एमजीएम अस्पताल ले गई, पर डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

# डॉ. एसएस टांटिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू






जनमार्ग न्यूज

● देशभर के लॉ कॉलेजों के विद्यार्थी ले रहे हैं भाग

**श्रीगंगानगर।** टांटिया यूनिवर्सिटी के विधि संकाय की ओर से 'प्रथम डॉ. एस.एस. टांटिया मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025' शनिवार को शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में डॉ. राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमरपालसिंह मुख्य अतिथि, आरजेएस राजेश कुमार और पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के प्रो. (डॉ.) भरत विशिष्ट अतिथि थे, अध्यक्षता टांटिया यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता टांटिया ने की, कुलपति प्रो. (डॉ.) एम.एम. सक्सेना भी मंच पर थे। यूनिवर्सिटी के मुख्य संरक्षक डॉ. विशु टांटिया, वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया, कार्यकारी निदेशक के.एस. सुखदेव ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रतियोगिता के संयोजक विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सौरभ गर्ग, सह संयोजक डॉ. नवना सिंह, डॉ. संदीप कौर, अनामिका खुराना आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर से विधि विद्यार्थी विधिक दक्षता, तर्कशक्ति और अधिवक्ता कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। नौ राज्यों राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात की 26 टीमों के कुल 78 प्रतिभागी ज्ञान और वाक्चातुर्य का परिचय दे रहे हैं। प्रतिभागी काल्पनिक मुकदमों पर बहस कर अपनी विधिक समझ, अनुसंधान कौशल और वाकपटुता को परख रहे हैं। मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन सत्र रविवार शाम 4.15 बजे होगा, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णुदत्त शर्मा इसकी अध्यक्षता करेंगे, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो. (डॉ.) मोहम्मद तारीक एवं सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड पुष्पेन्द्र सिंह नंदा विशिष्ट अतिथि होंगे।ह्व

# विचार गोष्ठी व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** पंजाबी भाषा विकास समिति राजस्थान तथा पैड़ां पंजाबी साहित्यक मैगजीन राजस्थान के सयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संस्थापक बलविंदर सिंह ढिल्लों के विंटर हिल पब्लिक स्कूल पुरानी आबादी, श्री गंगानगर में काव्य संगोष्ठी, विचार चर्चा व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुखविंदर सिंह प्राचार्य गुरु नानक खालसा पीजी कॉलेज श्री गंगानगर ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स. सरदूल सिंह जी ने अपनी मां बोली से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कवि लफ़्ज़ धालीवाल, परविंदर सिंह रूपाल, मीनाक्षी अहुजा, परमजीत कौर, बलविंदर सिंह चाहल,स्वर्ण सिंह, हरमन सिंह उपकार, जगसीर सिंह तख्तहजारा, अमरजीत सिंह, जसवीर सिंह ददूहर ने कविता पाठ किया। डॉ. सुखविंदर सिंह ने अपने उद्बोधन में भाषाएं हमारी पहचान,परम्परा और इतिहास की संवाहक होती है इसलिए हमारा अपनी मातृभाषाओं के प्रति लगाव और उनके बचाव पर अपने विचार साझा किये। स.कुलदीप सिंह ने पंजाबी भाषा विकास समिति द्वारा पंजाबी मां बोली के विकास के लिए किया जा रहे कार्यों पर विस्तार सहित चर्चा की। कार्यक्रम में समिति द्वारा सुलेख प्रतियोगिता तथा गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरजिंदर सिंह दिलगीर द्वारा भेजी गई पंजाबी साहित्य से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नवीयां कलमां नवीं उड़ान पुस्तक के कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। डॉ परमजीत सिंह मांगट ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया तथा पूरे कार्यक्रम की समीक्षा की। कार्यक्रम में स.बलविंदर सिंह ढिल्लों, पलविंदर सिंह, रविंद्र सिंह, मनजीत सिंह, त्रिलोचन सिंह उपस्थित रहे।

**पंजाब में 130 मेडिकल अफसरों की नियुक्ति होगी**

**जालंधर।** पंजाब सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 130 मेडिकल अफसरों की नियुक्ति करने का फैसला किया है। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन, मनोरोग, एनेस्थीसिया समेत कई विशेषज्ञ शामिल हैं। यह प्रक्रिया 28 फरवरी तक पूरी कर ली जाएगी। जबकि ये विशेषज्ञ मार्च महीने से अपना काम संभाल लेंगे। सरकार ने सभी अस्पतालों से विशेषज्ञों की सूची मांगी थी। इस पर फैसला लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक अखबारों में इसका टेंडर जारी कर दिया गया है। बता दें कि इसके जरिए पंजाब सरकार कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने की कोशिश कर रही है। ताकि पंजाब के लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कम्युनिटी हेल्थ सेंटरों में 72 फीसदी डॉक्टरों की कमी है। पंजाब के सेहत मंत्री डॉक्टर बलबीर सिंह ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी साझा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंजाब द्वारा की जा रही है। जिसमें 37 बाल रोग विशेषज्ञ, 31 मेडिसिन, 29 स्त्री रोग विशेषज्ञ, 15 रेडियोलॉजी विशेषज्ञ, 14 सामान्य सर्जरी और 4 मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इन सभी को जालंधर,

# सड़क हादसे में 2 युवक की मौत

● दोस्त के मेडिकल स्टोर से लौट रहे थे गांव

जनमार्ग न्यूज



**चूरू।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक दोस्त के मेडिकल स्टोर से वारस अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। हादसा भालेरी थाना क्षेत्र में भालेरी-सरदारशहर रोड पर गांव मेलूसर के पास रविवार रात को हुआ। भालेरी थानाधिकारी फरमान खान ने बताया कि बेरासर बड़ा निवासी नवीन जाट (30) पुत्र जगपाल जाट और अमित (28) पुत्र प्रेम मेघवाल शुक्रवार रात 9 बजे फोगा गांव में अपने दोस्त के मेडिकल स्टोर से वापस बाइक पर अपने गांव बेरासर ब?ा लौट रहे थे। रात के समय मेलूसर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नवीन जाट की मौके पर ही मौत हो गई। अमित मेघवाल को डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल दोनों के शव मॉर्चुरी में रखवाए गए हैं। हादसे की सूचना के बाद देर रात मृतकों के पड़ोसी और परिजन अस्पताल पहुंच गए। हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली थाने के एएसआई लक्ष्मण सिंह डीबी अस्पताल पहुंचे। जिन्होंने दोनों युवकों के शव को मॉर्चुरी में रखवाया। शनिवार सुबह भालेरी थाना पुलिस डीबी अस्पताल पहुंची, जहां परिजनों की ओर से रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दोनों युवकों के शवों के पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए हैं। अमित मेघवाल दो भाइयों में छोटा था। जो अविवाहित था। अमित के पिता खेती करते हैं। खुद अमित गांव में मजदूरी करता था। घर के लाडले की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में मातम छा गया।

## जन्मदिन मुबारक

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** गायत्री परिवार के स्वयं सेवक मीरा विहार निवासी नई धानमंडी के खरीददार समरपाल सिंह राठौड़-उर्मिला देवी की पौत्री तथा आकाश-पूजा की पुत्री क्रिस्टल के तीसरे जन्मदिन पर दादा-दादी, माता-पिता, विकास (चाचा), गीता देवी (नानी), सुरेन्द्र (मामा), सुमित-अनिता, रानी (मौसा-मौसी) प्रिंस, वंश, जेरिल, गुगु, बाबूलाल (भाई-बहन) व समस्त परिवाजनों, रिश्तेदारों, शुभंचितकों, मित्रों व जनमार्ग परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# दिनदहाड़े मकान के तोड़े ताले, सोना व 45 हजार की नगदी पार

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ की आदर्श कॉलोनी में चोरों ने दिनदहाड़े एक बंद घर को निशाना बनाया। चोर मात्र 18 मिनट में लाखों का माल लेकर फरार हो गए। घटना वार्ड नंबर 9 की है। सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट आदित्य सेठी के घर में चोरी हुई। उनकी पत्नी कविता सरना सरकारी अध्यापिका हैं। सुबह 9 बजे आदित्य अस्पताल चले गए। कविता 10 बजे घर में ताला लगाकर स्कूल चली गईं। दोपहर 12 बजे एक पड़ोसी ने कविता को फोन कर बताया कि उनके घर के ताले टूटे हुए हैं। घर पहुंचने पर कमरों का सामान बिखरा मिला। चोर 10 तोला सोना, 4 सोने की चूड़ियां, 2 सोने की चेन, 4 अंगूठियां और 45 हजार रुपए नगद ले गए। पड़ोसियों के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर सुबह 10.27 बजे घर में घुसा और 10.45 बजे बाहर निकला। घटना की सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल पदम सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के घरों के कैमरे की फुटेज खंगाली है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

● मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 22 बुलेट सहित 52 बाइक जब्त

जनमार्ग न्यूज




**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में बाइक से पटाखे बजाने और यातायात नियमों के उल्लंघन की शिकायतों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 22 बुलेट सहित 52 बाइक जब्त की और 27 वाहनों का चालान काटा गया। एसपी अरशद अली को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सीओ सिटी मीनाक्षी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। जंक्शन सिटी थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह की टीम ने जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान 22 बुलेट बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर पाए गए, जिनसे पटाखों जैसी आवाज निकल रही थी। पुलिस ने कुल 52 दोपहिया वाहन जब्त किए, जिनमें 22 बुलेट और 30 अन्य बाइक शामिल हैं। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए 27 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर हटाने के बाद ही वाहन मालिकों को उनकी बाइक वापस की जाएगी। यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। मुख्य बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस ने जिलावासियों को चेतावनी दी है कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज बुजुर्गों, बच्चों और आम लोगों में भय का माहौल पैदा करती है। यह सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरनाक है।

## ट्रैक्टर ने दो चचेरे भाइयों को कुचला, मौत

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** अलवर में हुए एक सड़क हादसे में 2 भाइयों की मौत हो गई। मामला रात 8 बजे शहर के बगड़ तिराहा थाना क्षेत्र के केसरोली गांव की है। दोनों मृतक जुनेद (22) और मोमिन (15) चचेरे भाई है। उनकी बहन घर आने वाली थी, जिसके लिए वे सामान खरीदने जा रहे थे। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जनरेल खान व फरीद ने बताया कि उनका भतीजा जुनेद व मोमिन बाइक से कुछ सामान लेने केसरोली मोड जा रहे थे। जुनेद की बहन घर आने वाली थी। जुनेद ने केसरोली मोड पर बहन की कार में सामान रख दिया। इसके बाद जुनेद व मोमिन घर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में केसरोली फोर्ट के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रैक्टर ने बाइक सवार दोनों भतीजों कुचल दिया। घटना के दौरान मोमिन बाइक से उछला और उसका सिर ट्रैक्टर की मिक्सर मशीन से टकरा गया। जबकि जुनेद के पेट से ट्रैक्टर के आगे का पहिया चढ़ गया। बगड़ थानाधिकारी श्यामलाल ने बताया कि मृतकों के शवों को अलवर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

# एसडीएम ने सरपंच और अधिकारियों के साथ की बैठक

● काश्तकारों को कैंप में भाग लेने के लिए किया जाए प्रेरित

● जागरूकता अभियान चलाने पर दिया जोर

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ पंचायत समिति के सभाकक्ष में फार्मर रजिस्ट्री कैंप को सफल बनाने के लिए एक बैठक हुई। एसडीएम सुरेश राव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में तहसील क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और कृषि पर्यवेक्षक शामिल हुए। एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से काश्तकारों को कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। सरपंचों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया। इससे किसानों को कैंप का अधिक लाभ मिल सकेगा। बैठक में विकास अधिकारी अशोक कुमार यादव ने कई सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जीपीडीपी प्लान शामिल थे। अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविंद सिंह और सहायक विकास अधिकारी मदनलाल वर्मा ने भी अपने विचार रखे। एसडीएम ने सभी को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे अधिक से अधिक किसान और ग्रामीण लाभान्वित हो सकेंगे। बैठक में मौजूद अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

**For Rent**

Ground Floor 30×60=1800sqft Hall, 20-Vinayak Vihar , Sihag Hospital Front, Baba Ramdev Mandir Road, Near Perfect Coaching, Sri Ganganagar.

Plz Contact:-
80057-63176,
63787-71898

# चार दिन बाद आज होगा तीन बच्चियों का अंतिम संस्कार

● देर रात समझौता, 20-20 लाख मिलेगा मुआवजा

● बीडीओ- ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सस्पेंड

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** बीकानेर के नोखा जिले के केड़ीली गांव में चार दिन पहले सरकारी स्कूल में खेलते-खेलते तीन छात्राएं वाटर टैंक (टांका) में गिर गई थी। इस हादसे के बाद परिजनों की मांगों पर सहमति नहीं बन पाई थी। ऐसे में बच्चियों का पोस्टमार्टम भी नहीं हो पाया था। शुक्रवार को परिजन और ग्रामीण 70 किलोमीटर दूर नोखा से बीकानेर पहुंचे। यहां दिनभर मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन चला। आखिर देर रात मुआवजा और अन्य मांगों पर सहमति बनने के बाद देर रात तीनों बच्चियों भारती, रविना और प्रज्ञा (8) का पोस्टमार्टम किया गया। वहीं आज तीनों का अंतिम संस्कार होगा। इस मामले में बीडीओ और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी सस्पेंड कर दिया गया है। शुक्रवार को नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल धरना स्थल पर पहुंचे। यहां परिजनों के साथ धरने पर बैठे और अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। रात 12 बजे दोनों पक्षों में सहमति बनने के बाद पोस्टमार्टम का निर्णय लिया गया। मांगों के अनुसार तीनों परिवारों के एक-एक सदस्य को संविदा पर नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा तीनों मृतकाओं के परिजनों को बीस-बीस लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसमें पांच लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे। जबकि पांच लाख रुपए सीएसआर फंड से दिए जाएंगे। वहीं दस-दस लाख रुपए मंडी की ओर से दिए जाएंगे। समझौते के तहत स्कूल क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और बीडीओ को निलंबित करने पर भी सहमति बनी। इन दोनों को निलंबित कर मुख्यालय भेजा जाएगा। समझौते में स्कूल में तीनों बालिकाओं की याद में पचास लाख रुपए से एक करोड़ रुपए तक के कमरे और लाइब्रेरी बनाने पर भी सहमति बनी है।

## कॉन्स्टेबल ने की पत्नी की हत्या

**पटना (जनमाग न्यूज)।** पटना में एक कॉन्स्टेबल ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी सिपाही धनंजय फरार है। वारदात देर रात की है। शनिवार सुबह मामले का पता चला है। दोनों पति-पत्नी पीरबहोर पुलिस स्टेशन के परिसर में बने क्वार्टर में रहते थे। शनिवार सुबह यहीं से शव मिला है। मृतका की पहचान धनंजय कुमार की पत्नी दीपिका भारती के तौर पर हुई है।

# बदमाश ने सेंट्रल जेल के लेडलाइन कनेक्शन काटे

● तीन फीट गहरा खोदा गड्ढा, खीचकर बाहर निकाली केबल

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** जयपुर में एक बदमाश ने सेंट्रल जेल व जेल अफसरों के लेडलाइन कनेक्शन काट डाले। सेंट्रल जेल के सामने ही तीन फीट गहना गड्ढा खोदकर बाहर निकाली केबल चोरी कर ली। लालकोठी थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश कर बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई केबल भी बरामद कर ली है। एसआई बन्ना लाल ने बताया कि सांगानेरी गेट स्थित बीएसएनएल ऑफिस के कनिष्ट अधिकारी राजेश सक्सैना ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि जयपुर सेंट्रल जेल के सामने से रोड किनारे बीएसएनएल की केबल डली हुई है। जयपुर सेंट्रल जेल के सामने ही करीब 3 फीट गहरा गड्ढा खोदकर बदमाशों ने करीब 50 हजार कीमत की टेलीफोन केबल चोरी कर ली है। केबल चोरी से जयपुर सेंट्रल जेल, जेल के अधिकारी व आस-पास के क्षेत्र के लेडलाइन कनेक्शन बंद हो गए है। सुरक्षा व संचालन में जेल के लेड लाइन कनेक्शन बंद होने को लेकर लालकोठी थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। फुटेज में जेल के सामने खड़ी बसों के आड़ में बदमाश ने गड्ढा खोदकर केबल चोरी की। फुटेज के आधार पर रुट चार्ट तैयार कर पुलिस टीम बदमाश तक जा पहुंची। पुलिस ने केबल चोरी में आरोपी प्रदीप वर्मन (26) निवासी बंगाल को अरेस्ट किया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692